दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

नई दिल्ली ।। शुक्रवार 31 मई -2024 | वर्ष : 8 अंक : 231 पेज-08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3










## सीएम केजरीवाल की अर्जियों पर कोर्ट ने ईडी से मांगा जवाब

### अब एक जून को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने आबकारी नीति मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अंतरिम और नियमित जमानत की मांग करने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर गुरुवार को ईडी को नोटिस जारी किया। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने केंद्रीय जांच एजेंसी को शनिवार तक केजरीवाल की याचिका पर अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। दरअसल, केजरीवाल की ओर से दो अर्जी दायर की गई है। एक अर्जी में उन्होंने मनी लॉन्ड्रिंग केस में नियमित जमानत की मांग की है।



दूसरी अर्जी में उन्होंने सात दिनों के लिए अंतरिम जमानत दिए दिए जाने की मांग की है। कोर्ट ने दोनों अर्जियों पर ईडी को नोटिस जारी किया है। एक जून को दोपहर दो बजे आगे सुनवाई होगी। केजरीवाल फिलहाल इस मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दी गई अंतरिम जमानत पर एक जून तक हैं। इससे पहले, सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अंतरिम जमानत बढ़ाने की मांग वाली याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने से इन्कार कर दिया। रजिस्ट्री ने कहा, चूंकि जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने केजरीवाल को अंतरिम जमानत के साथ ही नियमित जमानत के लिए ट्रायल कोर्ट में जाने की छूट दी है, इसलिए यह याचिका स्वीकार्य नहीं है।

रजिस्ट्री की ओर से यह भी कहा गया कि चूंकि गिरफ्तारी के खिलाफ उनकी याचिका पर फैसला पहले ही सुरक्षित रखा जा चुका है, इसलिए उनके तत्काल आवेदन का अदालत के समक्ष मामले से कोई संबंध नहीं है।

## जम्मू में बड़ा हादसा: यात्रियों से भरी यूपी की बस खाई में गिरी 22 की मौत, 69 घायल

**जम्मू।** जम्मू-पूंछ राष्ट्रीय राजमार्ग (144ए) पर अखनूर के चूंगी मोड़ क्षेत्र में बड़ा सड़क हादसा हो गया। यहां एक यात्रियों से भरी बस गहरी खाई में जा गिरी। इस हादसे में अब तक 22 लोगों के मारे जाने की खबर है। करीब 69 यात्री घायल बताए जा रहे हैं। कुछ को जीएमसी जम्मू रेफर किया गया है। बस में 90 से अधिक लोग सवार थे। अभी राहत कार्य जारी है।

पुलिस व स्थानीय लोगों द्वारा बचाव अभियान चलाया जा रहा है। खाई से निकाल कर घायलों को अखनूर उपजिला अस्पताल में पहुंचाया गया। जहां से गंभीर रूप से घायल यात्रियों को जम्मू मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

सूचना मिलते ही हाथरस जिला प्रशासन अलर्ट हो गया है। जिला प्रशासन तत्काल बस नंबर के आधार पर आरटीओ कार्यालय से ब्यौरा एकत्रित करना शुरू कर दिया। जिलाधिकारी अर्चना वर्मा ने बस गिरने की सूचना मिलते ही तत्काल हेल्पलाइन नंबर जारी कर दिए। जिलाधिकारी अर्चना वर्मा ने बताया कि जम्मू कश्मीर के अखनूर में हाथरस की बस खाई में पलटने की सूचना प्राप्त हुई है। आधा दर्जन से अधिक लोगों के मरने की आशंका जताई गई है। अपने-अपने क्षेत्र से गई हुई बसों के बारे में जानकारी कर लें।डीएम ने कहा कि आम लोगों की सहायता हेतु हेल्पलाईन नंबर 05722227041 तथा 05722227042 जारी किए गए हैं। जिनके माध्यम से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**बस में 91 यात्री थे सवार, 69 घायल जीएमसी जम्मू रेफर**

**दर्शन करने के लिए शिवखोड़ी जा रहे थे यात्री**

**तीखे मोड़ पर सामने से आ रही बस से बिगड़ गया संतुलन**




**हाथरस प्रशासन ने जारी किए हेल्पलाइन नंबर 05722227041 / 05722227042**

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने जताया दुख**

**रस्सी और पीठ पर लाद कर सड़क तक पहुंचाए गए घायल**

**जीएमसी में घायलों का हाल जानने पहुंचे जम्मू जिला उपायुक्त**

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, उत्तरप्रदेश के हाथरस की यह बस हरियाणा के कुरुक्षेत्र से शिवखोड़ी धाम जा रही था। शिवखोड़ी धाम, जम्मू संभाग के रियासी जिले के पौनी में स्थित है, जो कि कटड़ा सिथ्त माता वैष्णो देवी मंदिर से मात्र 80 किलोमीटर की दूरी पर है। यह भगवान भोलेनाथ को समर्पित है।

जानकारी के अनुसार, बस का नंबर है- यूपी 86ईसी 4078 बताया गया है। यह बस अखनूर के टूंगी मोड़ में गहरी खाई में जा गिरी। इस तीखे मोड़ पर सामने से आ रही एक बस के आने से हादसे वाली बस का चालक का संतुलन बिगड़ा गया और यह हादसा हो गया। बस के गिरते ही चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस को भी सूचित किया गया। तुरंत में राहत और बचाव अभियान चलाया गया।

बस के शीशे तोड़ कर लोगों को बाहर निकाला गया। फिर रस्सी और कुछ को पीठ पर लाद कर सड़क तक पहुंचाया गया। इसके बाद घायलों को वाहनों में सवार कर नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। इस दौरान सड़कों पर एंबुलेंस की आवाज गूंजती रही।

## प्रधानमंत्री मोदी ने भगवती अम्मन मंदिर में किया दर्शन-पूजन

### एक जून की शाम तक ध्यान साधना करेंगे

**कन्याकुमारी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी चुनावी व्यस्तताओं के बाद तमिलनाडु के कन्याकुमारी में ध्यान-साधना करने पहुंचे हैं। पीएम मोदी ने कन्याकुमारी पहुंचने के बाद भगवती अम्मन मंदिर में प्रार्थना और पूजा-अर्चना की। प्रधानमंत्री धोती पहने दक्षिण भारत की पारंपरिक पोशाक में दिख। ऑफ-व्हाइट रंग के शॉल से ढके नजर आए प्रधानमंत्री मोदी विवेकानंद मेमोरियल के ध्यान मंडपम में आज शाम से 1 जून की शाम तक ध्यान करेंगे। पीएम मोदी उसी स्थान पर दिन-रात ध्यान करेंगे, जहां कई दशकों पहले स्वामी विवेकानंद ने ध्यान किया था। ऐसी मान्यता है कि इस स्थान पर देवी पार्वती ने एक पैर पर खड़े होकर साधना की थी।



बता दें कि प्रधानमंत्री चुनाव प्रचार के अंत में आध्यात्मिक यात्राओं के लिए जाने जाते हैं। पांच साल पहले लोकसभा चुनाव 2019 का प्रचार समाप्त होने के बाद पीएम मोदी ने केदारनाथ का दौरा किया था। 2014 में उन्होंने महाराष्ट्र में छत्रपति शिवाजी महाराज से जुड़े स्थल प्रतापगढ़ का दौरा किया था। गौरतलब है कि 543 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव 19 अप्रैल से शुरू हुए हैं। सात चरणों में हो रहे चुनाव के लिए अंतिम दौर का मतदान एक जून को होना है। मतों की गिनती 4 जून को होगी।

गौरतलब है कि पीएम मोदी ने ध्यान के लिए कन्याकुमारी को चुना इस फैसले के पीछे सांस्कृतिक अहमियत भी है। कन्याकुमारी वही स्थान है जहां दशकों पहले स्वामी विवेकानंद को भारत माता के दर्शन हुए थे।

## दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर नहीं थम रहे हादसे हवा हवाई रेस्टोरेंट के सामने भीषण टक्कर में किशोरी की मौत

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर रफ्तार लगातार जानलेवा बन रही है। गुरुवार को दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर हवा हवाई रेस्टोरेंट के सामने एक ईको वैन और वर्ना कार में जोरदार एक्सीडेंट हुआ। एक्सीडेंट इतना जबरदस्त था कि इसमें करीब मौके पर आठ लोग घायल हो गए जबकि उपचार के दौरान किशोरी की मौत हो गई। घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं जानकारी है टक्कर मारने के बाद वर्ना कार चालक कार लेकर मौके से फरार हो गया। घटना थाना मसूरी थानाक्षेत्र के अंतर्गत दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे की बताई जा रही है। हादसे के बाद हाईवे पर वाहनों की भीड़ जमा हो गई थी। मौके पर मसूरी एसीपी नरेश कुमार भी पहुंचे थे।

**सीसीटीवी लगे होने के बावजूद फरार हो गया वर्ना कार सवार**

### हाईवे से नीचे गिर गई थी टक्कर के बाद ईको कार

करंट क्राइम : एसीपी मसूरी नरेश कुमार ने बताया है कि मसूरी थानाक्षेत्र में दिल्ली- मेरठ एक्सप्रेस-वे पर हवा हवाई रेस्टोरेंट के पास मारुति ईको कार को वर्ना कार ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ईको कार फ्लाईओवर से नीचे जा गिरी। टक्कर के बाद वर्ना कार चालक मौके से फरार हो गया। ईको कार में कुल आठ लोग सवार बताए जा रहे हैं। कार में सवार 13 साल की लड़की की मौत की खबर है। वहीं सात घायलों का अस्पताल में उपचार चल रहा है। उधर पुलिस का कहना है कि वर्ना कार चालक की तलाश की जा रही है। वहीं किशोरी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस इस पूरे मामले में वैधानिक कार्रवाई की बात कर रही है। बता दें कि दिनों दिन स्पीड तेज होने की वजह से दिल्ली-एक्सप्रेस-वे पर हादसे हो रहे हैं। इस हादसे में भी स्पीड को वजह बताया जा रहा है। उधर यातायात पुलिस सीसीटीवी खंगालने का काम कर रही है।



ईको कार में कुल आठ लोग सवार बताए जा रहे हैं सात घायलों का अस्पताल में उपचार चल रहा है

## विक्रम मावी हत्याकांड में 50 हजार का ईनामी गिरफ्तार, अब तक 18 आरोपी पहुंच चुके हैं जेल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** लोनी के चर्चित प्रॉपर्टी डीलर विक्रम मावी हत्याकांड में एसटीएफ ने गुरुवार को 50 हजार रुपए के इनामी राहुल उर्फ रामबाबू को गिरफ्तार किया है। इस केस में 17 आरोपी पहले ही जेल जा चुके हैं। खुलासा हुआ है कि विक्रम मावी ने एक हत्यारोपी के माता-पिता व पत्नी को पीटा था। इसी का बदला लेने के लिए विक्रम का मर्डर हुआ।

### 11 मई को विक्रम मावी की हुई थी हत्या

करंट क्राइम : गाजियाबाद के लोनी बॉर्डर इलाके में 11 मई की रात प्रॉपर्टी डीलर विक्रम मावी की ऑफिस के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वारदात को अंजाम पवन भाटी ने दिया था। पुलिस ने बताया कि 5 मई को विक्रम मावी ने पवन भाटी के माता-पिता व पत्नी को पीटा था। इसके चलते पवन ने विक्रम की हत्या की प्लानिंग बनाई थी। 11 मई को पवन ने अपने साथियों को इकट्ठा किया और पाइप लाइन रोड पर विक्रम मावी पर हमला कर दिया। उसको लाठी-डंडों से पीटा, फिर गोली मार दी। जिससे विक्रम मावी की मौत हो गई।



रिश्तेदारों को पीटने पर मर्डर हुआ था

### 17 आरोपी पहले ही जा चुके हैं जेल

**करंट क्राइम :** इस मामले में 16 आरोपी चरण सिंह, विमला, चंचल, पूजा गौरव, कविता, विमल, प्रशांत, सोनू मावी, काले उर्फ अंकुर, दीपक उर्फ गोलू, गौरव, टिंकू उर्फ हेमंत, कुलदीप सहित 15 आरोपियों को गाजियाबाद पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है। मुख्य आरोपी पवन भाटी को पिछले दिनों दिल्ली के आरकेपुरम में पुलिस ने अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया था। 17वां आरोपी नाबालिग है। 18वें आरोपी राहुल उर्फ रामबाबू को मेरठ एसटीएफ ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। गाजियाबाद पुलिस ने इस पर 50 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। राहुल लोनी बॉर्डर क्षेत्र में राधा विहार का रहने वाला है।

## मंडलायुक्त, पुलिस कमिश्नर और जिला निर्वाचन अधिकारी ने लिया मतगणना स्थल पर तैयारियों का जायजा



● सुरक्षाकर्मियों की तैनाती के मानचित्र पर देखे गए पॉइंट्स

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** लोकसभा निर्वाचन प्रक्रिया 2024 में अब 4 जून को गाजियाबाद लोकसभा सीट की मतगणना होनी है। मतगणना को लेकर लगातार तैयारी की जा रही हैं। इसी क्रम में गुरुवार को मेरठ मंडलायुक्त सेल्वा कुमारी जे ने मतगणना स्थल का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह मतगणना स्थल पर स्वच्छता, पारदर्शिता के साथ ही शांतिपूर्ण संपन्न कराने पर जोर दिया गया है। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा के लिहाज से मतगणना स्थल पर लगी जालियां कटीले एवं धारदार नहीं होने चाहिए इसको लेकर भी निर्देश दिए। साथ ही निर्वाचन में लगे कर्मियों और मीडियाकर्मियों सहित अन्य लोगों को मूलभूत सुविधा मुहैया कराने के लिए निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एडीएम ई रणविजय सिंह, अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार, जिला आपूर्ति अधिकारी डॉ. सीमा बालियान, सूचना अधिकारी योगेंद्र प्रताप सिंह व अन्य मौजूद रहे।

### पुलिस कमिश्नर और जिला निर्वाचन अधिकारी भी पहुंचे अनाज मंडी



करंट क्राइम : गोविंदपुरम अनाज मंडी में 4 जून को लोकसभा चुनाव की मतगणना होनी है। मतगणना की तैयारियों सुरक्षा व्यवस्था और अन्य इंतजामों का जायजा लेने के लिए गुरुवार को पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र और जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह मतगणना स्थल पर पहुंचे और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस मौके पर उन्होंने निर्वाचनकर्मियों के बैठने सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण करते हुए सुरक्षाकर्मियों के तैनाती के मानचित्र को भी देखा और सुरक्षा की रूपरेखा बनाई। इस दौरान एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव, एसीपी एलआईयू विवेक सिंह, थाना प्रभारी कवि नगर योगेंद्र मलिक व बीएसएफ के साथ ही पुलिस के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### बिना जांच के नहीं मिलेगी किसी को एंट्री

**करंट क्राइम :** एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया है कि मतगणना 4 जून को सुबह 8 बजे से शुरू होगी। लोगों की एंट्री 8 बजे से पहले ही कर ली जाएगी। इसके साथ ही मुख्य गेट के सिवा अन्य किसी स्थान से प्रवेश नहीं मिलेगा। प्रवेश करने वाले प्रत्येक व्यक्ति की तलाशी ली जाएगी। साथ ही आपत्तिजनक सामान को ले जाने से रोकने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। आने-जाने वालों की वीडियोग्राफी कराने के साथ ही पुलिस बॉडीवॉर्न कैमरे से भी निगरानी रखने का काम करेगी। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती और यातायात पुलिस को भी इंतजाम संभालने के लिए तैनात किया जाएगा।

## रिहाई के बाद पार्षद सुधीर ने की महापौर से मुलाकात समर्थन करने वाले पार्षदों का भी हुआ स्वागत

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** करीब 7 दिनों तक जेल में बंद रहने के बाद रिहा हुए वार्ड-28 के पार्षद सुधीर कुमार गुरुवार को महापौर सुनीता दयाल के आवास पर उनसे मुलाकात करने के लिए पहुंचे। इस दौरान उनके साथ इस पूरी लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाले नगर निगम के पार्षद भी मौजूद रहे। साथ ही उनकी पत्नी स्वाति भी संग रहीं। इस दौरान महापौर सुनीता दयाल का धन्यवाद देने के लिए वो भी पहुंची थीं। उधर महापौर सुनीता दयाल ने कहा है कि वह अपने पार्षदों के साथ थीं और आगे भी वे पार्षदों के सुख-दुख में नजर आएंगी। उधर अभी भारतीय जनता पार्टी के खेमे की ओर से पार्षद प्रकरण को लेकर 1 जून और 4 जून के बाद की रणनीति को गुप्त रखा जा रहा है। बताया जा रहा है कि इसमें संगठन कुछ बड़ा संदेश देने के इरादे से तैयारी कर रहा है।

**महापौर सुनीता दयाल ने कहा मैं हूं पार्षदों के साथ**



### समर्थन वाले पार्षदों का भी हुआ माल्यार्पण

करंट क्राइम : महापौर सुनीता दयाल के आवास पर नगर निगम के वह पार्षद भी पहुंचे थे, जो गिरफ्तारी होने और पार्षद सुधीर की रिहाई के मामले को लेकर लगातार आंदोलन कर रहे थे। इसमें प्रमुख रूप से हिमांशु शर्मा, शीतल चौधरी, प्रवीन मुलायम, उदित मोहन, नीरज गोयल, वीरेंद्र त्यागी, शशि खेमका, अमित त्यागी , पार्षद पति मनोज गोयल, दीपक राघव, राहुल शर्मा, संतोष कुमार सिंह, राधेश्याम त्यागी, हरीश कराकोटी सहित अन्य पार्षद भी मौजूद रहे। यहां मौजूद पार्षदों ने पहले महापौर सुनीता दयाल को बुके देकर पूरे प्रकरण में समर्थन सहयोग और साथ देने के लिए धन्यवाद किया। तो वहीं महापौर ने भी यहां पहुंचे पार्षदों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

### क्या भाजपाई बना रहे हैं आगे की गुप्त रणनीति

करंट क्राइम : भले ही पार्षद सुधीर की रिहाई हो गई हो, उनकी महापौर से मुलाकात हो गई हो लेकिन पार्टी वाले सूत्र बता रहे हैं कि इस पूरे प्रकरण को लेकर अभी पार्षद खेमा संतुष्ट नहीं बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि इस पूरे मामले में अंदर ही अंदर विधायकों और संगठन के अन्य लोगों से बातचीत कर पार्षद आने वाले दिन में कुछ नई योजना भी बना सकते हैं।

# पूर्वांचल की 13 सीटों पर रोचक चुनावी मुकाबले के आसार

**लखनऊ।** लोकसभा चुनावों के सातवें और अंतिम चरण की 13 लोकसभा सीटों पर मतदान एक जून को होगा। इसमें सबसे महत्वपूर्ण सीट वाराणसी है। यहां से प्रधानमंत्री तीसरी बार चुनावी मैदान में हैं। वहीं गोरखपुर से सीएम योगी की भी कड़ी परीक्षा है। वहां से भोजपुरी अभिनेता रवि किशन भाजपा के टिकट पर दूसरी बार अपना भाग्य आजमा रहे हैं। 2019 में भाजपा के पास नौ, बसपा और अपना दल के पास दो-दो सीटें थी। इस बार एनडीए गठबंधन में भाजपा 10, अपना दल दो और सुभासपा एक सीट पर चुनाव लड़ रही है। मोदी-योगी के गढ़ में हो रहे



चुनाव पर देश भर की निगाहें हैं। यूपी की सबसे अहम वाराणसी लोकसभा सीट से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं। उनके खिलाफ कांग्रेस के अजय राय चुनावी मैदान में हैं। वहीं गोरखपुर की चर्चित सीट से भाजपा ने अभिनेता और मौजूदा सांसद रवि किशन को टिकट दिया है। उनका मुकाबला सपा की काजल निषाद से है। इसी चरण में बनारस से सटी हुई सीट चंदौली से केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय भाजपा के टिकट पर चुनावी दंगल में तीसरी बार उतरे हैं। उनके खिलाफ सपा-कांग्रेस गठबंधन के वीरेंद्र सिंह चुनाव लड़ रहे हैं। बसपा ने सतेंद्र मौर्य को मैदान में उतारकर समीकरणों को रोचक बनाने की कोशिश की है। यहां मुख्य मुकाबला भाजपा और सपा के बीच ही है। 2019 में यहां से भाजपा के सांसद डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय कड़े मुकाबले में मात्र 13,959 वोटों के अंतर से जीते थे। मिजार्पुर लोकसभा सीट से हैट्रिक की आस में भाजपा-अपना दल (एस) की संयुक्त उम्मीदवार अनुप्रिया पटेल का मुकाबला भदोही के मौजूदा सांसद रमेश बिंद से है। सपा ने बिंद को मैदान में लाकर अनुप्रिया के विजय रथ को रोकने की भरपूर कोशिश की है। वहीं बसपा ने अगड़ी जाति के वोट बैंक को साधने के लिए ब्राह्मण चेहरे मनीष तिवारी पर दांव लगाया है। 2019 में इस सीट से अनुप्रिया पटेल 2,32,008 वोटों के अंतर से जीती थी। गाजीपुर लोकसभा सीट से मुख्तार अंसारी के बड़े भाई अफजाल अंसारी सपा से मैदान में हैं। अफजाल पांच बार विधायक और दो बार सांसद रह चुके हैं। इस सीट पर भाजपा से पारसनाथ राय मैदान में हैं। बसपा ने यहां से उमेश सिंह को मैदान में उतारा है। यहां पर भाजपा और सपा के बीच मुख्य मुकाबला बताया जा रहा है। बलिया सीट से भाजपा ने पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के बेटे नीरज शेखर को मैदान में उतारा है। उनके खिलाफ सपा के सनातन पांडेय काफी मजबूती से चुनाव लड़ रहे हैं। बसपा ने यहां से लल्लन सिंह को अखाड़े में उतारा है। पूर्वांचल की सलेमपुर सीट से भाजपा ने रवींद्र कुशवाहा को उतारा है। वो जीत की हैट्रिक लगाने को बेताब हैं। जबकि सपा ने पूर्व सांसद रमाशंकर राजभर को उतारा है। यहां बसपा ने अपने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भीम राजभर को टिकट दिया है। घोसी लोकसभा से भाजपा और सुभासपा की तरफ से गठबंधन प्रत्याशी कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर के पुत्र अरविंद राजभर मैदान में हैं। सपा के राजीव राय से उनका कड़ा मुकाबला है। बसपा ने बालकृष्ण चौहान को मैदान में उतार कर लड़ाई को रोचक बनाने का प्रयास किया है। रॉबर्ट्सगंज लोकसभा सीट से अपना दल-एस और भाजपा की संयुक्त प्रत्याशी रिंकी कोल मैदान में हैं। उनके खिलाफ सपा ने छोटे लाल खरवार को मैदान में उतारा है। बसपा ने यहां से धनेश्वर गौतम को मैदान में उतारा है। देवरिया लोकसभा सीट से भाजपा ने शशांक मणि त्रिपाठी को प्रत्याशी बनाया है। उनका मुकाबला कांग्रेस के अखिलेश प्रताप सिंह से है। बसपा ने देवरिया लोकसभा सीट से संदेश यादव उर्फ मिस्टर पर दांव लगाया है।

कुशीनगर संसदीय क्षेत्र से भाजपा ने वर्तमान सांसद विजय कुमार दूबे और सपा ने अजय कुमार सिंह को प्रत्याशी बनाया है। वहीं पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी से मैदान में हैं, जिन्होंने चुनावी मुकाबले को त्रिकोणीय बना दिया हैं। बांसगांव लोकसभा सीट पर भाजपा से कमलेश पासवान चौथी बार मैदान में हैं। कांग्रेस के सदल प्रसाद चुनावी मैदान में हैं। वहीं, बसपा के डा. रामसमुझ काडर के वोटरों को जोड़कर जीत का समीकरण बनाने में जुटे हैं। महराजगंज सीट से भाजपा ने केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी को चुनाव मैदान में उतारा है। पंकज चौधरी ने यहां छह बार जीत दर्ज की है। पिछले चुनाव में वो 3.4 लाख मतों से जीते थे। उनका मुकाबला कांग्रेस के विधायक वीरेंद्र चौधरी से है। यहां से बसपा के मौसमे आलम पहली बार चुनाव मैदान में उतरे हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद इन निर्वाचन क्षेत्रों में सभी राजनीतिक दलों के बाहरी कार्यकताओं और पदाधिकारियों की मौजूदगी प्रतिबंधित रहेगी। उन्होंने बताया कि लोकसभा के सातवें चरण में महाराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मीरजापुर और राबर्ट्सगंज के लिए एक जून को मतदान होगा। इन सभी 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 144 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जिनमें 134 पुरुष और 10 महिला हैं। इसी चरण में दुद्धी उप निर्वाचन क्षेत्र में भी एक जून को मतदान होगा।

## पीएम मोदी की साधना पर सवाल उठाने वालों को भाजपा और आचार्य प्रमोद कृष्णम का करारा जवाब

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को कन्याकुमारी साधना करने जा रहे हैं। इसको लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज है। विपक्ष उनके इस कदम को जहां मार्केटिंग बता रहा है, वहीं बीजेपी इसे प्रधानमंत्री की निजी आस्था कह रहा है। 2019 के लोकसभा चुनाव के संपन्न होने के बाद भी पीएम मोदी केदारनाथ ध्यान करने गए थे, लेकिन इस बार प्रधानमंत्री ऐसे वक्त में ध्यान करने जा रहे हैं, जब सातवें चरण का चुनाव बाकी है। सातवें चरण का चुनाव एक जून को होना है। विपक्ष उनके इस कदम को चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन बता रहा है। विपक्ष का कहना है कि ऐसे वक्त में जब चुनाव संपन्न भी नहीं हुए हैं, प्रधानमंत्री अपने राजनीतिक फायदे के लिए कन्याकुमारी का रुख कैसे कर सकते हैं? विपक्ष के इन्हीं आरोपों का अब बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला और आचार्य प्रमोद कृष्णम ने जवाब दिया है। शहजाद पूनावाला ने कहा, कांग्रेस और इंडिया अलायंस के दिवालियापन की कोई सीमा नहीं है। 30 तारीख को चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद अगर कोई अपनी आस्था के केंद्र में जाकर तपस्या करना चाहता है, तो विपक्षियों को इससे क्या परेशानी है? प्रधानमंत्री को स्वामी विवेकानंद जी से प्रेरणा मिलती है और वो कन्याकुमारी तपस्या करना चाहते हैं, तो विपक्षियों को मिर्ची क्यों लग रही है? यह बात समझ से परे है। प्रधानमंत्री किसी भी राजनीतिक गतिविधियों के लिए नहीं, बल्कि मौन रखने के लिए जा रहे हैं, लेकिन विपक्षी इसे चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन बता रहे हैं। प्रधानमंत्री वहां अपनी आस्था को ध्यान में रखते हुए आ रहे हैं। ऐसे में चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का तो सवाल ही पैदा नहीं होता। सवाल तो तब पैदा होगा, जब प्रधानमंत्री वहां अपनी किसी राजनीतिक गतिविधि की वजह से जाएंगे। कोई राजनीतिक बयानबाजी देंगे, लेकिन वो वहां जाकर ऐसा कुछ नहीं करेंगे। बीजेपी प्रवक्ता ने आगे कहा, इससे इंडिया गठबंधन का हिन्दू विरोधी चेहरा उजागर होता है।

## न्यूज डायरी

### जम्मू-कश्मीर के अखनूर में तीर्थयात्रियों से भरी बस खाई में गिरी, 22 की मौत



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के अखनूर में गुरुवार को तीर्थयात्रियों से भरी बस खाई में गिर गई। इस हादसे में 22 लोगों की मौत हो गई और 69 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया, जम्मू-पुंछ हाईवे पर अखनूर इलाके के चौकी चौरा में चुंगी मोड़ के पास ड्राइवर ने बस से नियंत्रण खो दिया। इस दौरान बस खाई में गिर गई। हादसे में 22 लोगों की मौत हो गई और 69 घायल हो गए। बस उत्तर प्रदेश के हाथरस से तीर्थयात्रियों को लेकर आ रही थी। अधिकारियों ने आगे बताया कि सभी घायलों को अखनूर अस्पताल पहुंचाया गया। हालांकि, गंभीर रूप से घायलों को जम्मू शहर के सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। बड़े पैमाने पर राहत और बचाव अभियान जारी है।

### लोकसभा चुनाव : मतगणना के लिए भाजपा की विशेष तैयारियां, बूथ एजेंट, इंचार्ज और काउंटिग एजेंट को दिशा-निर्देश जारी



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण का मतदान 1 जून को है। इसके बाद चार जून को चुनावी नतीजों का ऐलान होगा। जिसे लेकर सभी दलों ने अपनी-अपनी तैयारियों शुरू कर दी है। इसी कड़ी में भाजपा ने मतगणना के लिए विशेष तैयारियां की है। भाजपा ने देशभर में अपने बूथ एजेंट, बूथ इंचार्ज और काउंटिग एजेंट को दिशा-निर्देश जारी किया है। भाजपा आलाकमान की ओर से ईवीएम पर खासतौर से नजर रखने को कहा गया है। सभी इंचार्ज और एजेंट से कहा गया कि मतगणना केंद्रों पर ईवीएम की सील अच्छे से चेक करें। अगर सील ठीक नहीं है और लग रहा हो कि ईवीएम से छेड़छाड़ हुई है तो अपनी आपत्ति दर्ज कराएं। जारी दिशा-निर्देश में यह भी कहा गया है कि हर ईवीएम के बीच एक सफेद कागज लगा होता है। अगर किसी ईवीएम में सफेद कागज नहीं है तो इसका मतलब यह है कि उसमें छेड़छाड़ हुई है और अगर ऐसा होता है तो अपनी आपत्ति दर्ज कराएं। ईवीएम उम्मीदवार और एजेंट के सामने ही खोली जाएं, इसका विशेष रूप से ध्यान रखना जरूरी है। सभी इंचार्ज और एजेंट को कहा गया है कि फॉर्म 17सी को देखें कि उसमें कितने वोट लिखे हुए हैं और कुल कितने वोट पड़े। उन्हें अपना आईकार्ड बनवाने का निर्देश भी दिया गया है। उनसे यह भी कहा गया है कि वे मतगणना केंद्रों पर गिनती शुरू होने से आधे घंटे पहले पहुंचें और मतगणना में आखिर तक बैठे रहें। गौरतलब है कि भाजपा ने हर बूथ पर पिछले लोकसभा चुनाव में मिले कुल वोट के मुकाबले इस बार 370 अधिक वोट का लक्ष्य रखा था। भाजपा खुद 370 सीटें और एनडीए की 400 सीटों के लक्ष्य को पूरा करने के लिए हर स्तर पर जुटी हुई है। भाजपा ने प्रचार से लेकर मतदान और अब मतगणना तक हर बूथ पर अपनी मौजूदगी सुनिश्चित करने की रणनीति को अंजाम दिया है।

### प्रदूषण फैलाने वाली फैक्ट्रियां बंद करने की मांग, किया प्रदर्शन

मुरादनगर , करंट क्राइम। प्रदूषण फैलाने वाली फैक्ट्रियों के खिलाफ गांव शहजादपुर के ग्रामीणों ने थाने पर प्रदर्शन कर जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के चारों और प्रदूषण फैलाने वाली फैक्टरी चल रही हैं। इन फैक्ट्रियों से गांव के लोग गंभीर बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। जल्द कार्रवाई ना होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। गांव शहजादपुर के ग्रामीण गुरुवार को थाने पहुंचे और थाना प्रभारी निरीक्षक मुकेश सोलंकी से मिले। ग्रामीणों ने बताया कि गांव शहजादपुर के चारों और प्रदूषण फैलाने वाली सैकड़ों फैक्टरी खुली हुई हैं। इन फैक्ट्रियों में प्लास्टिक,कट्टे व बैट्ररी से निकलने वाला तांबा गलाया जाता है। इनसे निकलने वाला जहरीला धुआं गांव में प्रदूषण फैला रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रदूषण के चलते लोग गंभीर बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। इस बारे में फैक्ट्री संचालकों से भी बात की जा चुकी है लेकिन उन्होंने इंकार कर दिया। आलम यह है कि गांव की ओर जाने वाले मार्ग पर इतना धुंआ रहता है जिससे ऐसा लगता है कि जैसे अंधेरा हो। इसकी शिकायत प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ,उपजिलाधिकारी व अन्य विभागों में की जा चुकी है ,लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों ने थाने में इस संबंध में तहरीर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने जांच कराकर सख्त से सख्त कार्रवाई कराने का आश्वासन देकर ग्रामीणों को शांत किया। इस मौके पर रजनीश ,सचिन ,प्रमोद ,संजय त्यागी ,आकाश त्यागी, आशीष सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

### महिला कर्मचारी के साथ की मारपीट व अभद्रता , रिपोर्ट

मुरादनगर , करंट क्राइम। बकाया भुगतान लेने के लिए गई एक महिला कर्मचारी के साथ दो युवकों द्वारा मारपीट कर अभद्रता करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। नगर की न्यू डिफेंस एन्क्लेव कॉलोनी निवासी पूजा चौधरी एक निजी कंपनी में काम करती है। बुधवार शाम को वह ट्रेडर्स कंपनी की दुकान पर बकाया 4.69 लाख रुपए का भुगतान लेने के लिए गई थी। उनका आरोप है कि वहां पर उनके साथ दो युवकों ने मारपीट व अभद्रता के साथ साथ गंदी गंदी गालियां भी दीं। किसी तरह वह अपनी जान बचाकर वहां से भाग आई। महिला ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने वसीम व आजाद निवासी अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### शिक्षक के खाते से निकाले हजारों रुपए

मुरादनगर , करंट क्राइम। गांव शहजादपुर निवासी एक शिक्षक को ऑनलाइन शॉपिग करना काफी मंहगा पड़ा। ठगों ने ओटीपी भेजकर उनके खाते से 44 हजार रुपए निकाल लिए। पीड़ित ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। गांव शहजादपुर निवासी संदीप कुमार शिक्षक हैं। उन्होंने बताया कि वह फेसबुक पर मोबाइल की लीड देख रहा था। एक लीड पंसद आई तो उस पर क्लिक किया। इसके बाद वहां से कहा गया कि ओटीपी आएगा ,उसे बता देना। इसके बाद उन पर दो ओटीपी आए और उन्होंने बता दिया। इसके बाद संदीप कुमार के खाते से 44 हजार रुपए कटने का मैसेज आ गया।

## हरियाणा सीएम ने पंजाब के पठानकोट में किया प्रचार, विपक्ष को निशाने पर लिया

**पठानकोट।** लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में 1 जून को वोट डाले जाएंगे। मतदान को अपने पक्ष में करने के लिए तमाम राजनीतिक दलों की ओर से हर संभव कोशिश की जा रही है। इसी के मद्देनजर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार किया। नायब सिंह सैनी ने पठानकोट में पंजाब की गुरदासपुर लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी दिनेश सिंह बब्बू के पक्ष में चुनाव प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने आम आदमी पार्टी और इंडिया गठबंधन को निशाने पर लिया। सीएम सैनी ने कहा कि ये लोग देश और प्रदेश की जनता की आंखों में धूल झोंक रहे हैं, उनकी नीति और नीयत ठीक नहीं है। इंडिया गठबंधन का नेतृत्व करने वालों का भी कोई अता-पता नहीं है। दूसरी तरफ आम आदमी पार्टी के मंत्री जेल की हवा खा रहे हैं। आम आदमी पार्टी पर अपना हमला तेज करते हुए उन्होंने कहा कि



जो लोग कभी पंजाब की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करते थे, आज वही लोग खुद पंजाब की कानून व्यवस्था सही नहीं होने की बात कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी के नेता भ्रष्टाचार में लिप्त हैं और कई जेल की हवा भी खा रहे हैं। उन्होंने कहा, ये लोग देश और प्रदेश को लूटना चाहते हैं, विकास से इनका कोई लेना देना है। मैं लोगों से अपील करना चाहता हूं कि आप पीएम मोदी के नेतृत्व में देश को मजबूती की तरफ ले जाने का काम करें, राष्ट्र हित में कमल के चिन्ह पर वोट करें। बता दें, लोकसभा चुनाव के लिए चुनाव प्रचार शाम 5 बजे के बाद थम जाएगा।

# हजरत मोहम्मद मुराद गाजी की दरगाह पर चढ़ाई चादर





**मुरादनगर , करंट क्राइम।** नगर को बसाने वाले हिंदू- मुस्लिम एकता के प्रतीक हजरत मोहम्मद मुराद गाजी रहमतुल्लाह आलेही की दरगाह पर लगने वाला 358 वें उर्स मेले के लिए रस्म अदायगी करते हुए रीति रिवाज के साथ बाबा की दरगाह पर चादर चढ़ाई गई। इस दौरान सभी श्रद्धालुओं ने मुल्क में अमन चैन की दुआ की। काफी संख्या में सूफी संत भी मौजूद रहे। उर्स मेले का उद्घाटन 10 जून को किया जाएगा। हर वर्ष शहर की ईदगाह रोड पर उर्स मेले का आयोजन किया जाता है। उर्स मेला कमेटी के अध्यक्ष योगेंद्र गुप्ता लिली और मीडिया प्रभारी राशिद अली ने बताया कि बृहस्पतिवार को उर्स मेले की रस्म अदायगी पेश करते हुए बाबा की दरगाह पर चादर चढ़ाई गई। उर्स मेला संयोजक हामिद पठान ने बताया कि इस बार 358 वें उर्स मेले में दुकानदार अपनी अपनी दुकानें लगाने में जुटे हैं। हामिद खान ने बताया कि रोजाना राष्ट्रीय कव्वालों के बीच मुकाबला किया जायेगा। जिनको सुनने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। उर्स मेला कमेटी के संरक्षक संदीप सिंघल, ब्रह्मपाल सिंह, मास्टर बाबू खान, अबसारउल हक , एडवोकेट नाजिम पठान, मास्टर शराफत अली, आरिफ खान, मकसूद अली, खुशदिल, मिल्लत खान, खालिद चौधरी, जमील, चौधरी हुसैन खान आदि मौजूद रहे।

## सपा नेता आजम खान को फिर लगा बड़ा झटका, डूंगरपुर प्रकरण में दस साल की सजा

**रामपुर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान को डूंगरपुर प्रकरण के एक मुकदमे में एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट (सेशन ट्रायल) ने गुरुवार को 10 साल की सजा सुनाई। गुरुवार को सुनवाई के दौरान सपा नेता वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सीतापुर जेल से जुड़े। दरअसल, सपा नेता आजम खान के खिलाफ 2019 में डूंगरपुर बस्ती में रहने वाले लोगों ने बस्ती को खाली कराने के नाम पर लूटपाट, चोरी, मारपीट समेत अन्य धाराओं में गंज थाने में 12 मुकदमे दर्ज कराए थे। इनमें से तीन मुकदमों में फैसला आ चुका है। दो मामलों में सपा नेता बरी हो चुके हैं, जबकि एक मामले में उन्हें सात साल कैद की सजा सुनाई जा चुकी है। शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि यह मामला 2019 में दर्ज हुआ था। जबकि, घटना 2016 की थी। वादी का आरोप था कि उनके घर में



घुसकर जान से मारने की कोशिश और लूटपाट की गई। घर को जबरन खाली करवाया गया, बुलडोजर से घर तोड़ दिया गया। जज ने आजम खान को दोषी मानते हुए सजा सुनाई है। इसके पहले तीन मामलों में फैसला आ चुका है, जिनमें दो में आजम खान बरी हो चुके हैं। एक में सजा हो चुकी है। यह फैसला रामपुर की स्पेशल एमपी-एमएलए कोर्ट के सेशन जज डॉ. विजय कुमार ने सुनाया है। इस मामले में ठेकेदार बरकत अली और आजम खान आरोपी हैं। बता दें कि डूंगरपुर निवासी अबरार हुसैन ने गंज थाने में 13 अगस्त, 2019 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप लगाया था कि तत्कालीन सीओ आले हसन, दरोगा फिरोज खान, ठेकेदार बरकत अली, सीएंडडीएस के जेई परवेज आलम 6 दिसंबर, 2016 की सुबह बस्ती में पहुंचे और उनसे मकान खाली करने को कहा। दरोगा फिरोज ने फायरिंग भी की थी। साथ ही उसकी वॉशिंग मशीन, सोना, चांदी और 5,000 रुपए लूटकर ले गए। विवेचना के दौरान सपा नेता आजम खान का भी नाम शामिल किया गया था। इस मुकदमे में जानलेवा हमला और डकैती के भी आरोप लगे हैं।

## दिल्ली में भाजपा महिला मोर्चा का 'हल्ला बोल', आतिशी के घर के बाहर मटकी फोड़ प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** देश के अधिकांश हिस्सों में भीषण गर्मी का प्रकोप देखने को मिल रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में भी मानो आसमान से आग बरस रही है। एक तरफ जहां लोगों को जानलेवा गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, दिल्लीवासियों को पानी की किल्लत की समस्या से भी जूझना पड़ रहा है। कई इलाकों में जल संकट बना हुआ है। इसी बीच पानी की समस्या को लेकर भाजपा महिला मोर्चा ने गुरुवार को मटकी लेकर आम आदमी पार्टी की नेता और दिल्ली की जल मंत्री आतिशी के घर के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने सीएम अरविंद केजरीवाल के खिलाफ नारे लगाए। यहां तक कि मटकी फोड़कर नाराजगी भी जताई। दिल्ली भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष ऋचा पांडे मिश्रा ने कहा कि केजरीवाल सरकार को इस्तीफा देना चाहिए। दिल्ली की जनता पानी की मांग कर रही है। लेकिन, उनका कोई समर एक्शन नहीं है। मंत्री आतिशी अपने एसी कमरे में



बैठकर नोटिस निकाल रही हैं और कह रही हैं कि हम दिल्ली की जनता को पानी दे रहे हैं। दिल्ली की महिलाएं पानी के बिना परेशान हैं। अरविंद केजरीवाल को इस्तीफा देना चाहिए। चुनाव लड़ने से कुछ नहीं होगा। जिन लोगों ने उन्हें जिताया है, कम से कम उन लोगों को पानी तो दें। मीना खन्ना ने कहा कि दिल्ली में पानी पीना तो दूर की बात है, उससे नहा भी नहीं सकते हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अपने हर वादे पर झूठे साबित हुए हैं। उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। जिसने दिल्ली की जनता को पानी के लिए रुला दिया है। लोग पानी के लिए परेशान हैं। उन्हें सत्ता और अपनी कुर्सी से प्यार है। अपर्णा गोयल ने कहा कि दिल्ली के लोगों के घर में पानी नहीं है। रात के 3 बजे तक पानी के लिए लोग इंतजार करते हैं। दिल्ली जल बोर्ड पानी छोड़ेगा और लोग पानी भरकर घर ले जाएंगे। अगर लोग पानी की जद्दोजहद में रहेंगे तो अपना पेट भरने के लिए काम कैसे करेंगे।

# इंडिया गठबंधन की बहुमत वाली सरकार बनेगी, सभी दलों की सहमति से चुनेंगे प्रधानमंत्री : खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने विश्वास जताया है कि 4 जून को देश में इंडिया गठबंधन की पूर्ण बहुमत वाली सरकार बनेगी। केंद्र में सरकार आने पर कांग्रेस के घोषणा पत्र में दी गई गारंटियों और न्याय पत्र की घोषणाओं को पूरा किया जाएगा। इंडिया गठबंधन की तरफ से प्रधानमंत्री कौन होगा, इस पर खड़गे का कहना है कि गठबंधन के सभी दल मिलकर इस विषय पर चर्चा करेंगे। सभी दलों की सहमति से प्रधानमंत्री चुना जाएगा। कांग्रेस अध्यक्ष ने दिल्ली में कहा कि हमें विश्वास है कि 4 जून को जनता एक नई वैकल्पिक सरकार का जनादेश देगी। इंडिया गठबंधन को पूर्ण बहुमत मिलेगा। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार हो सकते हैं, इस पर खड़गे ने कहा कि उन्होंने कभी अपने लिए कुछ नहीं मांगा है। कांग्रेस ने 1 जून



को इंडिया गठबंधन की मीटिंग बुलाई है। कांग्रेस अध्यक्ष का कहना है कि यह एक अनौपचारिक मीटिंग है। इस मीटिंग में फार्म 17सी और मतगणना की तैयारी पर चर्चा की जाएगी। खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान महंगाई और बेरोजगारी के बारे में एक शब्द नहीं कहा, जबकि पिछले 15 दिनों में 232 बार कांग्रेस का नाम लिया और 758 बार मोदी शब्द का प्रयोग किया। कांग्रेस अध्यक्ष ने बताया कि बीते 15 दिनों में प्रधानमंत्री ने अपने भाषणों में 573 बार इंडिया गठबंधन का नाम लिया। 421 बार मंदिर, मस्जिद की बात की।

224 बार मुस्लिम, पाकिस्तान, अल्पसंख्यकों की बात की। लंबे समय तक यह चुनाव याद रखा जाएगा। यह चुनाव इसलिए याद रहेगा क्योंकि इस चुनाव में देश का हर नागरिक धर्म, जाति, पंथ, क्षेत्र, लिंग और भाषा को भूलकर लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए एक साथ आया है। प्रधानमंत्री और भाजपा के प्रमुख नेताओं ने चुनाव के दौरान धार्मिक और विभाजनकारी मुद्दों से लोगों को गुमराह करने का प्रयास किया। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि 80-90 देश में महात्मा गांधी की मूर्ति है, फिर भी अगर कोई कहता है कि फिल्म देखकर महात्मा गांधी के बारे में पता लगा तो यह सुनकर हंसी आती है। जिन्हें महात्मा गांधी के बारे में ज्यादा पता नहीं है तो उन्हें संविधान के बारे में भी अधिक पता नहीं होगा। गांधी हमेशा अहिंसा की राजनीति करते थे। महात्मा गांधी ने कभी किसी से नफरत नहीं की। आज मोदी जी की सारी कोशिशें नफरत से भरी है। खड़गे ने कहा कि चुनाव से पहले कांग्रेस के खाते फ्रीज कर दिए गए। कुछ दूसरी पार्टियों के साथ भी इसी प्रकार का व्यवहार किया गया। किसी सत्ताधारी दल ने इससे पहले ऐसा नहीं किया था। संसद में भी ऐसा ही देखने को मिला। संसद में विपक्ष को बोलने नहीं दिया गया। विपक्षी सदस्यों को निलंबित कर दिया गया। सरकार के इसी रवैया से हमारे शक की पुष्टि हुई कि सरकार तानाशाही की ओर बढ़ रही है।

## अच्छे दिन तो नहीं आए, सुनहरे दिन जरूर आएंगे : अखिलेश यादव

**महाराजगंज।** लोकसभा चुनाव के सातवें चरण के प्रचार के अंतिम दिन गुरुवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने महाराजगंज में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने कहा था अच्छे दिन लाएंगे, वो नहीं ला पाए। लेकिन, 4 जून को सुनहरे दिन होंगे। उत्तर प्रदेश में तमाम नौकरियां देनी थी, वो नहीं दे पाए, चाहे शिक्षा विभाग हो, चाहे पुलिस विभाग हो, हमारी सरकार आने पर सब जगह भरने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड से पैसा वसूला, किसी को नहीं छोड़ा, वैक्सीन कंपनी से पैसा वसूला। ये चुनाव हमारा आपका तो है ही, ये आने वाली पीढ़ी का भी चुनाव है। कहने को तो ये डबल इंजन की सरकार है, तो ये हांफने क्यों लगते हैं, महाराजगंज आते-आते। आज चुनाव प्रचार का आखिरी दिन है, भाजपा वाले टेंट तो बड़े-बड़े लगा रहे हैं। लेकिन, उनके यहां जनता नहीं आ रही है। उन्होंने कहा कि यहां के सांसद जो हैं पूरे खजाने के मंत्री हैं, वित्त मंत्री हैं।



सोचो इनके पास कितने खजाने की चाबी है, पूरे देश के पैसे का हिसाब-किताब है, बताओ महाराजगंज को क्या मिला? क्या चीनी मिल चालू हो गई? क्या नौकरी मिल गई? 4 जून को मंगल है और मंगल ही हो जाएगा।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं एतद् द्वारा घोषणा करती हूँ की मेरे भवन सख्या K.H. 206, कविनगर गाज़ियाबाद का मूल हस्तांतरण विलेख जो मेरे पति स्वर्गीय सुशील कुमार जैन पुत्र जगदीश प्रसाद जैन के नाम दिनांक 18/03/1978 को बही नं. 1 जिल्द नं. 2193 के पृष्ठ 35/41 में नम्बर 4567 पर 07/04/1978 को कार्यालय सब रजिस्ट्रार गाज़ियाबाद में दर्ज है, जो कही गुम हो गयी है / जिसकी खोने की सुचना थाना कविनगर मे GD-54 पुलिस कंप्लेंट 28/05/2024 को दर्ज करा दी है, यदि किसी को यह विलेख मिलता है तो निम्म पते पर सूचित करे, किसी के द्वारा इसका प्रयोग अवैध होगा।

**मंजू जैन पति स्वर्गीय सुशील कुमार जैन**
**पता: S.A.-157, शास्त्री नगर, गाज़ियाबाद**

दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

03 ● नई दिल्ली।। शुक्रवार 31 मई -2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित







# महंत नारायण गिरी की चेतावनी के बाद हरकत में आया नगर निगम

## महंत नारायण गिरी ने पार्किंग हटाने के बाद दैनिक करंट क्राइम का भी जताया आभार

### बोले सबसे पहले आप ने ही उठाया था मेरा मुद्दा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** दैनिक करंट क्राइम हमेशा से पत्रकारिता के धर्म को निभाता है और हमारी खबर का असर भी होता है। जन कल्याण के मुद्दों पर प्रकाशित खबरों का असर भी देखने को समय-समय पर मिलता है। बीते दिनों एमएमजी अस्पताल के सामने शुरू की गई पार्किंग और इस पर महंत नारायण गिरी की नाराजगी वाले मामले में भी असर हुआ है।

गुरुवार को महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर नगर निगम के अपर नगर आयुक्त, मुख्य अभियंता निर्माण और पार्किंग प्रभारी महंम नारायण गिरी से मिलने पहुंचे दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर पहुँचे थे। इससे पहले एमएमजी के बाहर शुरू की गई रोड साइड पार्किंग को बंद करवा दिया गया है। दरअसल बुधवार के अंक में दैनिक करंट क्राइम ने एमएमजी के सामने मुख्य रोड व फ्लाईओवर के नीचे पार्किंग शुरू किए जाने पर महंत नारायण गिरी की नाराजगी वाली खबर प्रकाशित की थी। इसमें महंत नारायण गिरी ने चेतावनी दी थी कि अगर 4 जून से पहले यह पार्किंग नहीं बंद की गई, तो वह आंदोलन और धरना प्रदर्शन करेंगे।



नगर निगम की पार्किंग से नाराज हुए महंत नारायण गिरी, कहा नहीं हटी पार्किंग तो 4 जून के बाद संत समाज के साथ करेंगे प्रदर्शन

40 साल से यहीं खड़े होते आ रहे हैं वाहन, नहीं सुनी बात तो करेंगे जनआंदोलन

बोले महापौर से शिकायत करने के बाद भी नहीं हटाई निगम ने पार्किंग

महंत नारायण गिरी ने कहा शिकायत, पर अधिकारी बना...

महंत बोले, 4 जून तक कर रहा हूं...



इस मामले में उन्होंने पहले ही बताया था कि महापौर सुनीता दयाल को शिकायत करने के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जब दैनिक करंट क्राइम में खबर छपी तो महापौर सुनीता दयाल ने इस पूरे मामले का संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए थे। जिसके बाद गुरुवार शाम यह है पार्किंग हटा दी गई है।

## मेयर-नगर आयुक्त के निर्देश पर नगर निगम अधिकारियों ने हटवाई पार्किंग





### महंत नारायण गिरी ने कहा सबसे पहले दैनिक करंट क्राइम ने उठाया था यह गंभीर विषय

करंट क्राइम : गुरुवार को जब नगर निगम के अधिकारी महंत नारायण गिरी से मिलने पहुंचे और उनको बताया कि जिस पार्किंग को लेकर उनकी नाराजगी थी उसे हटा दिया गया है। इसके बाद महंत नारायण गिरी ने दैनिक करंट क्राइम को खबर का असर होने पर धन्यवाद दिया और उन्होंने कहा कि सबसे पहले इस मुद्दे को दैनिक करंट क्राइम ने ही प्रमुखता के साथ उठाया था। जिसका असर हुआ है। खुद महापौर सुनीता दयाल ने इस मामले का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को मौके पर भेजा और भक्तजनों और मंदिर प्रशासन को हो रही समस्या को दूर करवाने का आदेश किया था । गुरुवार को महंत नारायण गिरी से निगम के वरिष्ठ अधिकारियों ने बातचीत की थी। इसके बाद इस पूरे मामले में कार्रवाई हो जाने के बाद महंत नारायण गिरी से बैठक करने के लिए अपर नगर आयुक्त रविंद्र कुमार, मुख्य अभियंता निर्माण एके चौधरी, पार्किंग प्रभारी संजीव सिन्हा व पूर्व पार्षद जाकिर सैफी भी उपस्थित हुए।

### महापौर और नगर आयुक्त ने पहले ही पार्किंग स्थल की समीक्षा का दिया था आश्वासन



करंट क्राइम : कुछ रोज पहले महंत नारायण गिरी ने महापौर सुनीता दयाल से एमएमजी फ्लाईओवर के निकट में उसके मुख्य मार्ग पर पार्किंग व्यवस्था शुरू किए जाने का विरोध किया था। उन्होंने कहा था कि यहां पार्किंग शुरू होने से जाम अधिक बढ़ गया है। साथ ही भक्तजनों और मंदिर दर्शन करने वाले लोगों को परेशानी होती है। महंत नारायण गिरी ने कहा था कि लगभग 40 साल से वह यहां हैं। यहां कभी भी पार्किंग नहीं वसूली गई है, यह गलत है। जिसके बाद इस पूरे मामले में महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने पार्किंग संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए थे कि वह पार्किंग स्थल की समीक्षा कर लें अगर यहां जाम की स्थिति हो रही है और आमजन को परेशानी हो रही है तो महंत नारायण गिरी द्वारा जो विषय रखा गया है उसको तत्काल संज्ञान में लेते हुए पार्किंग को वहां से हटाया जाए। ऐसा ही अधिकारियों के निर्देश के बाद संभव भी हो गया। गुरुवार को यहां से जो पार्किंग चल रही थी उसे खत्म कर दिया गया है। अब मार्ग पर आने जाने में आवागमन ठीक रहेगा। वह पार्किंग की वजह से जो इस मार्ग पर जाम की स्थिति और भक्तजनों को परेशानी हो रही थी उसे भी दूर कर दिया गया है। महापौर सुनीता दयाल ने कहा है कि शहर के हित और आमजन के लिए जो लाभकारी निर्णय होगा, वही उनके लिए सर्वोपरि रहेगा।



# पॉलिथीन जब्त हो सकती है पर नहीं ले जा सकते तंदूर का कोयला नहीं है एनजीटी का नोटिफिकेशन और कोई भी नहीं बोला

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गुरुवार को नगर निगम की टीम ने कविनगर में तंदूर को अवैध घोषित करते हुए दो स्थानों पर छापेमारी की। नगर निगम की टीमों ने आनंद चिकन और अग्रवाल भोजनालय में चल रहे तंदूर को अवैध बताया और तंदूर, उसका कोयला जब्त करने के साथ-साथ तीस हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया। इस मामले पर कविनगर के पूर्व पार्षद, जीडीए बोर्ड सदस्य रहे हिमांशु मित्तल आगे आये।

हिमांशु मित्तल पहले भी निगम पार्षद रहते हुए कई मामले उठा चुके हैं और वो कई मामलों को हाईकोर्ट तक ले जा चुके हैं। हिमांशु मित्तल ने कहा कि कौन से निगम एक्ट में लिखा है कि कोयला जब्त होगा। निगम की टीम कोयला क्यों उठाकर ले गई। हिमांशु मित्तल ने कहा कि एनजीटी ने कोई नोटिफिकेशन कोयले को लेकर जारी नहीं किया है। निगम एक्ट के अनुसार भी केवल पॉलीथिन तो जब्त की जा सकती है लेकिन कोयला जब्त करने का अधिकार निगम को नहीं है। उन्होंने कहा कि कोयला जलाने पर रोक गर्मी के मौसम में नहीं बल्कि सर्दी के मौसम में लगती है। तब एक्यूआई बढ़ता है और उस दौरान छिड़काव पर भी रोक लगायी जाती है। लेकिन पहली बार देख रहे हैं कि तंदूर का कोयला भी जब्त किया जा रहा है। पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल ने कहा कि ये लड़ाई जुर्माने की नहीं बल्कि फ्री में खाने की है।



**हिमांशु मित्तल ने कहा कि अगर हम निगम के सदन से बाहर हैं तो कोई ये ना समझे कि हम कुछ कर नहीं सकते। हमने धनुष-बाण उतार कर रखे हैं लेकिन उन्हें चलाना नहीं भूले हैं।**

उन्होंने कहा कि अगर हम निगम के सदन से बाहर हैं तो कोई ये ना समझे कि हम कुछ कर नहीं सकते। हमने धनुष-बाण उतार कर रखे हैं लेकिन उन्हें चलाना नहीं भूले हैं। हिमांशु मित्तल ने कहा कि ये मामला किसी दलीय राजनीति का नहीं है ये मामला शहर के लोगों का है। इस मुद्दे पर जिम्मेदार लोगों को बोलना चाहिए था।

# अब अवैध रूप से जलाये जा रहे तंदूरों पर भी निगम ने कसा शिकंजा

**कविनगर जोन में 1,30,000 का वसूला जुर्माना**



## इन क्षेत्रों में चला पॉलिथीन और तंदूरों के खिलाफ अभियान

**करंट क्राइम।** कविनगर जोन अंतर्गत सी ब्लॉक मार्केट, बी ब्लॉक मार्केट, संजय नगर सेक्टर 23, गोविंदपुरम मार्केट एरिया तथा राजनगर सेक्टर 9 में पॉलिथीनमुक्त अभियान चलाया गया एवं मार्केट एरिया में जल रहे तंदूरों को भी बंद कराया गया। पूरी कार्रवाई के तहत लगभग 1,30,000 का जुमार्ना भी वसूला गया है। शहर के दुकानदारों को पॉलिथीन का उपयोग न करने की अपील की गई है, अभियान के दौरान मौके पर प्रवर्तन दल टीम, स्वास्थ्य विभाग की टीम तथा जोन की टीम भी उपस्थित रही।



**नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक जुटे वायु गुणवत्ता एवं स्वच्छ पर्यावरण सुधार की ओर**


**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर लगातार पॉलिथीनमुक्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कविनगर जोन अंतर्गत एक और बड़ी कार्रवाई देखने में आई है। जहां प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध अभियान चलाया गया वहीं शहर में अवैध रूप से जल रहे तंदूरों को भी बंद कराया जा रहा है।

नगर आयुक्त द्वारा शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के साथ-साथ पर्यावरण को भी स्वच्छ बनाने के लिए कार्य किया जा रहा है प्रतिबंधित प्लास्टिक का बहिष्कार करने के लिए गाजियाबाद नगर निगम जन-जन को जागरूक कर रहा है, तंदूरों में अन्य ऐसे संसाधन जिससे वायु गुणवत्ता प्रभावित होती है उन पर भी तत्काल अंकुश लगाने का कार्य निगम कर रहा है।

# क्या अब होनी चाहिए नगर निगम के पार्षदों के लिए एक अलग कार्यशाला जनप्रतिनिधि होने के नाते आती हैं चुनौतियां भी और कोई तो हो उनको भी समझने वाला

गाजियाबाद, करंट क्राइम। लोकसभा चुनावों के दौरान गाजियाबाद नगर निगम में पार्षद प्रकरण हो गया। आधी रात के बाद एक मामला हुआ और इस मामले में पुलिस ने पार्षद के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया और पार्षद को जेल भेज दिया। मेयर सुनीता अपने पार्षदों के पक्ष में आ गईं और पार्षद उनके साथ आये लेकिन यहां जिले के बड़े पुलिस अधिकारी ने इस मामले में कोई रियायत नहीं दी और उन्होंने जो कुछ कहा वो शब्द मेयर को अखरे और उन्होंने भी कहा कि वो 4 जून के बाद इस मामले में एक्शन लेंगी।

लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर, कैबीनेट मंत्री सुनील शर्मा इस मामले में पार्षदों के साथ आये और वो मेयर सुनीता दयाल के सम्मान में खड़े दिखाई दिये। उन्होंने कहा कि मेयर जनप्रतिनिधि हैं और उनका सम्मान जरूरी है। वहीं इस मामले में अगर इधर से ऊधर जाने की भूमिका में रहे तो वो सत्ताधारी दल के पार्षद रहे। बड़े पुलिस अधिकारी ने




मुलाकात से इंकार कर दिया। पार्षद अगर जेल से बाहर आया भी तो बेल होने के बाद। इस पूरे मामले में अब ये चर्चा होने लगी है कि आखिर नगर निगम के पार्षदों को प्रशासन और पुलिस जनप्रतिनिधि मानते हैं या नहीं। पार्षदों को अपने क्षेत्र में लगभग रोजाना ही जाना होता है। उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है और हर बार तो पार्षद एकता का नारा लगेगा नहीं। सवाल यही है कि वो किसी भी दल का पार्षद हो लेकिन उसे इतना बल तो दिया जाना चाहिए कि वह अपने क्षेत्र में हो रहे किसी अनैतिक काम को, किसी अवैध अतिक्रमण को या अन्य किसी गतिविधि को लेकर शिकायत दर्ज कराने की स्थिति में तो रहे। अब निगम के पुराने पार्षद ही ये सलाह दे रहे हैं कि पार्षदों की एक कार्यशाला आयोजित की जाये। इस कार्यशाला में पार्षदों को उनके अधिकार बताये जायें। पार्षदों को व्यवहार के बारे में भी जानकारी दी जाये और उन्हें यह भी पता हो कि कौन से मामले की शिकायत, कौन से प्लेटफार्म पर करनी है।

पार्षदों के साथ-साथ स्थानीय प्रशासन और पुलिस को भी इस बात के निर्देश हों कि क्षेत्र के मामले में स्थानीय पार्षद के पक्ष को भी प्राथमिकता पर सुना जाये। एक्शन वही हो जो सही है लेकिन ये शिकायत नहीं रहनी चाहिए कि बात नहीं सुनी गई।

## पहले भी पार्षदों ने मांगा है अपने लिए घर, स्कूटी और पेट्रोल का खर्चा

करंट क्राइम। पार्षद जनप्रतिनिधि होता है और ये भी सत्य है कि पार्षद के भी अपने खर्चे होते हैं। पार्षद को नगर निगम से कुछ नहीं मिलता है। ये आवाज उठी कि पार्षदों के लिए भत्ता होना चाहिए। ऐसा नहीं है कि इस सदन के पार्षद ही अपने लिए कुछ चाहते हैं। पहले भी सदन रहे हैं और उस सदन के पार्षदों ने अपने लिए सुविधाओं की मांग की है। एक बार पार्षदों ने जीडीए से ये मांग की थी कि पार्षदों को भी आवास आवंटित किये जायें। हालांकि जीडीए ने इस मामले में पहले ही तकनीकी हवाला दे दिया था और गेंद को शासनादेश के पाले में डाल दिया था। पिछले सदन के पार्षदों ने वार्ड में भ्रमण करने के लिए स्कूटी और पेट्रोल भत्ते की मांग की थी। स्कूटी और पेट्रोल तो नहीं मिला लेकिन मोबाइल फोन जरूर मिला था। मोबाइल फोन की सुविधा भी बहुत से पार्षदों ने लेने से इंकार कर दिया था। पिछले सदन में मेयर आवास को लेकर पूरा मामला उठा था। मेयर के लिए किराये का आवास भी लिया गया था।

तब शहर विधायक अतुल गर्ग ने ये सुझाव भी दिया था कि नगर आयुक्त आवास को दो हिस्सों में विभाजित कर दिया जाये। आधा हिस्सा मेयर आवास के लिए हो और आधा हिस्सा नगर आयुक्त आवास के लिए हो। अगर उनकी मांग पर गौर किया जाता तो प्रथम नागरिक यानी मेयर के लिए सरकारी आवास होता। पार्षदों के लिए कम से कम वार्ड में किसी पार्क या अन्य ऐसे स्थान को कार्यालय जैसी व्यवस्था होनी चाहिए, जहां बैठकर पार्षद क्षेत्र की समस्यायें सुन सकें और समाधान कर सके। राजनगर में ऐसी व्यवस्था है और कई अन्य वार्ड में भी ऐसी व्यवस्था है।



## खत्म होनी चाहिए पार्षद के गुणवत्ता प्रमाण पत्र की अनिवार्यता

करंट क्राइम। भ्रष्टाचार के आरोप लगते हैं और इन आरोपों का सरकार की छवि पर असर पड़ता है। वार्ड में विकास कार्य हो रहे हैं और इन विकास कार्यों में कमीशन वाली बात कई बार सामने आ चुकी है। अब ये मांग उठ रही है कि पार्षदों के गुणवत्ता प्रमाण पत्र की अनिवार्यता खत्म हो जाये तो भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा। जो निर्माण कार्य तकनीकी दक्ष लोग चैक करते हैं उसमें पार्षद के पास ऐसी योग्यता नहीं होती है कि वह मानक के आधार पर गुणवत्ता देख सके। वैसे भी जब क्षेत्र के अवर अभियन्ता से लेकर सहायक अभियन्ता तक जांच करते हैं तो फिर यही इस जांच के जिम्मेदार भी होते हैं और पार्षद के प्रमाण पत्र की जरूरत भी नहीं है। अगर क्षेत्र के अवर अभियन्ता और सहायक अभियन्ता पर भरोसा नहीं है तो पार्षद दूसरे क्षेत्र के जेई और एई से जांच कराने की मांग करा सकते हैं। लेकिन पार्षद का प्रमाण पत्र जरूरी नहीं है। कांग्रेस के पार्षद अजय शर्मा तो पहले ही यह कह चुके हैं कि जिस चीज की पार्षद को तकनीकी जानकारी ही नहीं है वो उस चीज के बारे में गुणवत्ता प्रमाण पत्र दे ही नहीं सकता।

## संपादकीय


# पाक ने स्वीकार की अपनी गलती

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की यह स्वीकारोक्ति कई लिहाज से चौंकाने वाली है कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में दोनों देशों के बीच हुए लाहौर समझौते के उल्लंघन की गलती उनके देश ने की थी। ध्यान रहे, उन्होंने यह बयान ऐसे समय दिया है, जब लंबे राजनीतिक निर्वासन के बाद वह फिर से पाकिस्तान की सत्तारूढ़ पार्टी ढटछ (ठ) के अध्यक्ष चुने गए हैं। नवाज शरीफ का लाहौर समझौते को याद करना इस मायने में भी अहम है कि दोनों देशों के आपसी रिश्तों के लिहाज से यह एक शानदार मौका था, जो गंवा दिया गया। 1999 में हुए इस समझौते में दोनों देशों के बीच शांति और स्थिरता की बात की गई थी। लेकिन इसके कुछ ही समय बाद पाकिस्तानी सेना ने करगिल में चोरी-छुपे घुसपैठ शुरू कर दी, जिसका अंजाम सीमित युद्ध के रूप में सामने आया।

पाकिस्तान इस युद्ध के लिए भारत पर दोष मढ़ता आया है। हालांकि सच सबको पहले से पता है, लेकिन पहली बार पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री ने सार्वजनिक रूप से इसे स्वीकार किया है। हालांकि पाकिस्तान में भारत के साथ बेहतर संबंध बनाने की निर्वाचित सरकार की कोशिशों को सेना द्वारा नाकाम करने की यह कोई इकलौती घटना नहीं है। पाकिस्तान के साथ दिक्कत ही यह रही है कि सेना, क्रक और आतंकवादी तत्वों पर वहां की सरकार का कोई प्रभावी नियंत्रण नहीं रहता। सेना पर्दे के पीछे से सियासत को कंट्रोल करती है। इसके सबूत फौज द्वारा सत्ता हथियाए जाने की घटनाओं में ही नहीं परदे के पीछे से सरकारें बदलने के उसके खेल में भी दिखते हैं। 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने भी पाकिस्तान के साथ संबंध सुधारने की कम कोशिश नहीं की। नवाज शरीफ से उनकी केमिस्ट्री भी अच्छी थी। लेकिन भारत ने साफ कर दिया था कि आतंकवादी तत्वों पर प्रभावी अंकुश लगाना अच्छे संबंधों की अनिवार्य शर्त है। पाकिस्तान सरकार यह शर्त पूरी नहीं कर सकी और सीमा पार से पठानकोट और पुलवामा जैसी आतंकवादी घटनाओं को अंजाम दिया जाता रहा। ऐसे में रिश्ते बेहतरी की ओर नहीं जा सकते थे, नहीं गए।

जहां नवाज शरीफ ने सात साल के बाद सत्तारूढ़ पार्टी प्रमुख का पद औपचारिक तौर पर हासिल किया है, वहीं भारत में भी चुनाव नतीजे आने के बाद नई सरकार गठित होने वाली है। चूंकि पड़ोसी बदले नहीं जा सकते, इसलिए नवाज शरीफ के इस बयान को एक नए अवसर के रूप में लेते हुए संबंधों को एक मौका और देना कोई बुरा आइडिया नहीं है, लेकिन उससे पहले पाकिस्तान को अपनी इच्छा शक्ति का परिचय देते हुए आतंकी तत्वों पर लगाम लगाने की दिशा में कई कदम उठाने होंगे।

# कहर बरपाती गर्मी से बढ़ी बिजली की मांग, 246 गीगावाट पहुंची डिमांड



**नई दिल्ली।** भारत में जैसे जैसे गर्मी का कहर बढ़ रहा है, वैसे ही देश में बिजली की मांग भी बढ़ रही है। गर्मी से बचने के लिए लोग जमकर कूलर, पंखे, एसी का इस्तेमाल कर रहे हैं। इसका असर ये हुआ है कि देश में प्रतिदिन बिजली की मांग अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। ऊर्जा मंत्रालय के अनुसार, देश में हर दिन बिजली की मांग 246.06 गीगावाट के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। देश में बुधवार को 246.06 गीगावाट बिजली की सप्लाई हुई, जो कि इस साल गर्मी के मौसम में सर्वाधिक है।

### पिछले साल का भी रिकॉर्ड टूटा

ऊर्जा मंत्रालय के अनुसार, मंगलवार को देश में बिजली की सप्लाई 237.94 गीगावाट रही थी। बीते साल सितंबर में बिजली की सर्वाधिक मांग एक दिन में 243.27 गीगावाट रही थी और अब तक पिछले साल की मांग का रिकॉर्ड टूट चुका है। आशंका है कि जून के महीने में यह मांग और बढ़ सकती है और यह नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच सकती है। इस साल 24 मई को सबसे ज्यादा बिजली की मांग 239.96 गीगावाट रही थी, वहीं 23 मई को यह 236.59 गीगावाट थी।

दिल्ली में गुरुवार को न्यूनतम तापमान 30.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने शाम में कुछ जगहों पर हल्की बारिश और आंधी का अनुमान भी जताया है। दिल्ली के सफदरजंग मौसम केंद्र में बुधवार को अधिकतम तापमान 46.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो कि बीते 79 साल में सर्वाधिक है। इससे पहले 17 जून 1945 को 46.7 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया था।

### ऊर्जा मंत्रालय के अनुमान से ज्यादा है बिजली की मांग

इस महीने की शुरूआत में ऊर्जा मंत्रालय ने अनुमान जताया था कि देश में मई महीने में दिन के समय सबसे ऊर्जा की मांग अधिकतम 235 गीगावाट तक पहुंच सकती है, वहीं शाम के समय यह 225 गीगावाट रह सकती है। वहीं जून माह में दिन के समय बिजली की मांग 240 गीगावाट और शाम के समय 235 गीगावाट रहने का अनुमान जताया गया था, लेकिन ऊर्जा मंत्रालय के अनुमानों को भी पीछे छोड़ते हुए मई माह में ही बिजली की मांग 246 गीगावाट तक पहुंच गई है। ऊर्जा मंत्रालय ने ये भी अनुमान जताया है कि इस साल गर्मियों में बिजली की अधिकतम मांग 260 गीगावाट के स्तर तक पहुंच सकती है।

देश में इस साल अप्रैल माह में बिजली की सप्लाई हर दिन 224.18 गीगावाट थी, मार्च में 221.82 गीगावाट, फरवरी में 222.16 गीगावाट और जनवरी में 223.51 गीगावाट रही थी।

मौसम विभाग ने इस साल मार्च में अनुमान जताया था कि भारत में इस साल जमकर गर्मी पड़ेगी और हीटवेव के दिन भी ज्यादा रहेंगे। इसकी वजह अल नीनो प्रभाव को बताया गया था, जिसका असर मई तक रहेगा।

### आखिरी चरण की वोटिंग से पहले भ्रम में शेयर बाजार

# सेंसेक्स में 617 अंकों की गिरावट निफ्टी 22500 के नीचे हुआ बंद



**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण की वोटिंग से पहले बाजार ने गोता लगा दिया। गुरुवार को सेंसेक्स 617.30 (0.82%) अंकों की गिरावट के साथ 73,885.60 पर बंद हुआ। दूसरी ओर, निफ्टी 216.05 (0.95%) अंक फिसलकर 22,488.65 पर बंद हुआ। वायदा कारोबार की एक्सपायरी के दिन टेक महिंद्रा और टाइटन के शेयरों में तीन-तीन प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। गुरुवार के कारोबारी सत्र के दौरान सेंसेक्स 800 अंक (1%) फिसलते हुए दिन के सबसे निचले स्तर 73,668.73 पर पहुंच गया। वहीं निफ्टी 250 अंकों (1%) की गिरावट के साथ दिनभर के सबसे निचले स्तर 22,459.15 पर पहुंच गया।

गुरुवार को लगातार पांचवें दिन घरेलू बेंचमार्क इंडेक्स गिरावट के साथ बंद हुए। वहीं, घरेलू मुद्रा रुपया डॉलर के मुकाबले अपने तीन दिन की गिरावट के सिलसिले को थामते हुए बढ़त के साथ 83.3175 रुपये पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी सत्र में रुपया 83.4375 के स्तर बंद हुआ था।

गुरुवार के कारोबारी सत्र के दौरान बीएसई पर लिस्टेट सभी कंपनियों का मार्केट कैप 4.49 लाख करोड़ रुपये घटकर 4,10,71,639.09 करोड़ रुपये रह गया। बाजार में गिरावट का सबसे बड़ा कारण हेवीवेट शेयरों का फिसलना रहा। रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंफोसिस और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के शेयरों में जमकर मुनाफावसूली हुई। इससे बेंचमार्क इंडेक्स कमजोर पड़ गए।

निवेशकों के बीच लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण के मतदान और चार जून को आने वाले परिणाम के बीच भ्रम की स्थिति दिखी और वे बाजार पर कोई बड़ा दांव लगाने से बचते नजर आए।

# एसओआरटीईडी-01 को सफलतापूर्ण प्रक्षेपित

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने गुरुवार को बताया है कि स्पेस स्टार्टअप अग्निकुल कॉसमॉस ने श्रीहरिकोटा स्थित अपने लॉन्च पैड से अग्निबाण (सबऑर्बिटल टेक डिमॉन्स्ट्रेटर) एसओआरटीईडी-01 मिशन को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित कर दिया है। इसरो ने प्रक्षेपण को 'एक प्रमुख मील का पत्थर' करार देते हुए अग्निकुल कॉसमॉस को भी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

प्रधानमंत्री ने कहा, अग्निबाण एसओआरटीईडी-01 मिशन के प्रक्षेपण पैड से सफल प्रक्षेपण के लिए अग्निकुल कॉसमॉस को बधाई। यह इंजन परीक्षण अग्निकुल के डेटा अधिग्रहण प्रणालियों और उड़ान कंप्यूटरों द्वारा संचालित है, जो 100 प्रतिशत इन-हाउस डिजाइन किए गए थे। इसके अलावा, यह परीक्षण वाहन के संपूर्ण प्रणोदन प्रणाली को नियंत्रित करने के लिए वाहन की संपूर्ण एवियोनिक्स श्रृंखला की क्षमता को भी साबित करता है। लगभग 700 किमी ऊंची कक्षाओं में 300 किलोग्राम तक ले जाने में सक्षम, अग्निबाण निम्न और उच्च दोनों झुकाव कक्षाओं तक पहुंच सकता है और पूरी तरह से मोबाइल है।

### आरबीआई ने जारी की वार्षिक रिपोर्ट

# 2024-25 में वृद्धि दर 7% रहने का अनुमान



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए अपनी वार्षिक रिपोर्ट जारी की है। केंद्रीय बैंक (आरबीआई) ने अप्रैल से शुरू होने वाले चालू वित्त वर्ष (2024-25) में भारतीय अर्थव्यवस्था के 7% की दर से बढ़ने की संभावना जताई है। आरबीआई ने 30 मई को जारी अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा है कि मुद्रास्फीति के निर्धारित स्तर की ओर बढ़ने से खासतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोग मांग में तेजी आएगी। रिपोर्ट के अनुसार बाह्य क्षेत्र की मजबूती और विदेशी मुद्रा भंडार, घरेलू आर्थिक गतिविधियों को वैश्विक प्रभावों से बचाएंगे। रिपोर्ट में यह कहा गया है कि भू-राजनीतिक तनाव, वैश्विक जिंस मूल्य में उतार-चढ़ाव, अनिश्चित मौसमी घटनाक्रम वृद्धि की संभावनाओं के लिए नकारात्मक जोखिम उत्पन्न करते हैं।

केंद्रीय बैंक ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था को एआई/एमएल प्रौद्योगिकियों को तेजी से अपनाने और बार-बार आने वाले जलवायु संबंधी झटकों से उत्पन्न चुनौतियों से निपटना होगा। आरबीआई के अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था अगले दशक में व्यापक आर्थिक और वित्तीय स्थिरता के परिदृश्य में वृद्धि की गति को बढ़ाने के लिए अच्छी स्थिति में है। आरबीआई ने अपनी रिपोर्ट में यह भी कहा है कि बैंकों और कॉरपोरेट जगत की मजबूत बैलेंस शीट से समर्थित ठोस निवेश मांग के दम पर जीडीपी वृद्धि मजबूत है।

बैंकों में लावारिस जमा राशि मार्च 2024 के अंत में सालाना आधार पर 26 प्रतिशत बढ़कर 78,213 करोड़ रुपये हो गई है। जमाकर्ता शिक्षा और जागरूकता कोष के पास राशि मार्च 2023 के अंत में 62,225 करोड़ रुपये थी। सहकारी बैंकों सहित बैंक अपने खातों में 10 या इससे अधिक वर्षों से पड़ी खाताधारकों की अदावाकृत जमाराशियों को भारतीय रिजर्व बैंक के जमाकर्ता शिक्षा और जागरूकता (डीईए) निधि में ट्रांसफर कर देते हैं।

# मॉर्गन स्टेनली ने भारत की वृद्धि दर 6.8% रहने का अनुमान जताया

**नई दिल्ली।** मॉर्गन स्टैनली ने संकेत दिया है कि भारत में वृद्धि दर उपभोक्ता और कारोबारी खर्च दोनों के आधार पर अधिक व्यापक रह सकती है। वैश्विक निवेश बैंक ने अपनी नवीनतम रिपोर्ट '2024 ग्लोबल इकोनॉमिक मिडइयर आउटलुक' में भारत की मजबूत वृद्धि का श्रेय तीन मेगाट्रेंड्स- ग्लोबल ऑफशोरिंग, डिजिटलाइजेशन और एनर्जी ट्रांजिशन को दिया।

मॉर्गन स्टैनली ने भारत के लिए 2024 में 6.8 प्रतिशत (आरबीआई के 7 प्रतिशत के मुकाबले) और अगले वित्तीय वर्ष के लिए 6.5 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया है। एजेंसी के अनुसार मुद्रास्फीति नीति निमार्ताओं के कंफर्ट जोन के भीतर बनी रहेगी। अप्रैल 2024 में खुदरा मुद्रास्फीति 4.83 प्रतिशत दर्ज की गई, जो पिछले 11 महीनों में सबसे कम है। हालांकि, भारत में खुदरा मुद्रास्फीति आरबीआई के 2-6 प्रतिशत के सामान्य स्तर पर है, लेकिन आदर्श स्थिति 4 प्रतिशत के परिदृश्य से ऊपर है। मुद्रास्फीति उन्नत अर्थव्यवस्थाओं सहित कई देशों के लिए चिंता का विषय रही है, लेकिन भारत काफी हद तक अपने मुद्रास्फीति प्रक्षेपवक्र को काफी अच्छी तरह से प्रबंधित करने में कामयाब रहा है। मॉर्गन स्टेनली ने भविष्यवाणी करते हुए कहा, मजबूत वैश्विक विकास से भारत को लाभ हो रहा है। निर्यात से उच्च आय होगी और घरेलू पूंजीगत खर्च को इससे समर्थन मिलेगा।

## राशिफल

**मेष:** दूर से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। परिवार में अतिथियों का आगमन होगा। आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी। वाणी पर संयम रखें।

**वृष:** व्यावसायिक लंबी यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। नए काम प्राप्त होंगे। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। लॉटरी-सट्टे से दूर रहें।

**मिथुन:** किसी भी प्रकार से धनहानि के योग हैं। लापरवाही न करें। कोई बड़ा खर्च एकाएक सामने आ सकता है। आर्थिक स्थिति बिगड़ सकती है।

**कर्क:** पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। दूसरे आपकी बात मानेंगे। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। चोट लग सकती है।

**सिंह:** किसी अनहोनी की आशंका रह सकती है। आर्थिक उन्नति के लिए नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। नए अनुबंध हो सकते हैं।

**कन्या:** जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रह सकती है। यात्रा सफल रहेगी। कोर्ट-कचहरी तथा सरकारी कार्यालयों में अटके काम अनुकूल रहेंगे।

**तुला:** दुष्टजनों से सावधान रहें। वाहन व मशीनरी इत्यादि के प्रयोग में सावधानी आवश्यक है। शारीरिक हानि की आशंका है। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।

**वृश्चिक:** दांपत्य जीवन मधुर रहेगा। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति लाभदायक बनेगी। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे। चोट लग सकती है।

**धनु:** ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय हो सकता है। प्रतिद्वंद्वी रास्ता छोड़ देंगे। भूमि व भवन संबंधित कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं।

**मकर:** व्यस्तता के चलते थकान रह सकती है। विद्यार्थी वर्ग अपने कार्य उत्साह व लगन से कर पाएगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा।

**कुंभ:** वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। प्रेम-प्रसंग में तनाव रह सकता है। समय पर कार्य न होने से क्षोभ उत्पन्न होगा। कोई दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है।

**मीन:** लेन-देन में सावधानी रखें। आय में वृद्धि होगी। पहले की गई मेहनत का फल मिलेगा। समाजसेवा करने की इच?छा जागृत होगी। मान-सम्मान मिलेगा।

## चुटकुले

संता- मेरे दादा जी इतने अमीर, और भुलक्कड़ थे कि लाठी बिस्तर पे रख के खुद कोने में सो जाते थे।
बंता- अबे ये तो कुछ भी नही।
संता - कैसे?
बंता- मेरे दादा जी इतने अमीर, और भुलक्कड़ थे की पान चबा कर बिस्तर पे थूक देते और खुद खिड़की से नीचे कूद जाते थे।

---

संता- अगर तुम्हें गर्मी लगती है तो क्या करते हो?
बंता- मैं कूलर के पास जाकर बैठ जाता हूं।
संता- अगर फिर भी गर्मी लगती है तो क्या करते हो?
बंता- तो फिर मैं कूलर चालू कर लेता हूं!

---

संता ने पूछा बंता से- बंता भईया जिसको सुनाई नहीं देता, उसको क्या कहते हैं?
बंता बोला - कुछ भी कह लो भईया जब उसे सुनाई ही नहीं देता।

## रोचक तथ्यों का करंट

- यदि आप वजन कम करने की कोशिश कर रहे हैं, तो पिस्ता खाना शुरू कर दें, क्योंकि इसमें मौजूद प्रोटीन और फाइवर जल्दी भूख नही लगने देते हैं। यह बैड कोलेस्ट्रॉल यानी एलडीएल को कम करता है और गुड एलडीएल को बढ़ाता है। यह मांसपेशियों की ताकत को बढ़ाकर दिल को मजबूत बनाए रखता है।
- इसमें मौजूद विटामिन बी 6 खून में ऑक्सीजन ले जाता है। प्रतिदिन इसके सेवन से खून में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ जाती है व हीमोग्लोबिन भी बढ़ता है।
- इसमें विटामिन-ई और वसा युक्त घुलनशील एन्टी-ओक्सिडेंट होते हैं, जो त्वचा को स्वस्थ बनाए रखने के साथ प्राकृतिक सुंदरता प्रदान करते हैं।
- पिस्ता में मौजूद कैल्शियम, मैग्नेशियम और पोटेसियम हड्डियों को मजबूत करते हैं और हड्डी से संबंधित बीमारी को भी रोकते हैं।
- रोजाना एक कप पिस्ता आवश्यक फॉस्फोरस की 60 फीसदी जरूरत को पूरा करता है। यह डायबिटीज से भी बचाता है। भुना हुआ पिस्ता न खाएं, क्योंकि इसमें सोडियम अधिक होता है। इससे ब्लड प्रेशर बढ़ता है।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# भारतीय पुरुष टीम ने शूट आउट में जर्मनी को हराया, महिला टीम ने ऑरेंज रूड से ड्रॉ खेला



**नई दिल्ली।** भारत ने जूनियर हॉकी टीमों के यूरोप दौरे का समापन जर्मनी पर शूट आउट में पुरुष टीम की जीत के साथ किया जबकि महिला टीम ने ऑरेंज रूड क्लब के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला। बुधवार को यहां ब्रेडेस हॉकी वेरेनिगिंग पुश में नियमित समय में मुकाबला 1-1 से बराबर रहने के बाद पुरुष टीम ने पेनल्टी में 3-1 से जीत हासिल की।

गुरजोत सिंह, दिलराज सिंह और मनमीत सिंह ने शूट आउट में गोल किए। इससे पहले नियमित समय में मुकेश टोप्पो ने 33वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर रिबाउंड पर गोल किया। भारतीय जूनियर पुरुष टीम नियमित समय में जीत की ओर बढ़ रही थी लेकिन मैच खत्म होने से चार मिनट पहले जर्मनी ने बराबरी हासिल कर ली जिससे मैच में रोमांच बढ़ गया और नतीजे के लिए शूट आउट का सहारा लेना पड़ा। यह जूनियर पुरुष टीम की दौरे के पांच मैचों में दूसरी जीत है।

टीम ने 20 मई को एंटवर्प में अपने शुरूआती मैच में बेल्जियम को पेनल्टी के जरिए 4-2 (2-2) से हराया था। टीम को तीन हार का सामना भी करना पड़ा।

टीम को बेल्जियम (2-3), ब्रेडेस हॉकी वेरेनिगिंग पुश (4-5) और जर्मनी (2-3) के खिलाफ हार झेलनी पड़ी। महिला टीम ने बुधवार को ऑरेंज रूड के खिलाफ ड्रॉ खेलने के अलावा दो जीत दर्ज की जबकि उसे दो हार का भी सामना करना पड़ा। ऑरेंज रूड के खिलाफ संजना होरो (18वें मिनट) ने भारत को बढ़त दिलाई।

ऑरेंज रूड को दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन भारतीय रक्षा पंक्ति ने दोनों हमलों को नाकाम कर दिया जिससे टीम मध्यांतर तक 1-0 से आगे थी। ऑरेंज रूड ने तीसरे क्वार्टर में तीन पेनल्टी कॉर्नर पर दो बार गोल करके 2-1 की बढ़त बनाई। भारत ने हालांकि आखिरी क्वार्टर में स्कोर बराबर कर दिया जब अनीशा साहू (58वें मिनट) ने अंतिम क्षणों में गोल किया। भारत ने इससे पहले ब्रेडेस हॉकी वेरेनिगिंग पुश (2-0) और बेल्जियम को 4-2 (2-2) से हराया था। उसे बेल्जियम और जर्मनी के खिलाफ शिकस्त भी झेलनी पड़ी।

# वर्ल्ड कप से ठीक पहले भारत ने टी20 रैंकिंग में कायम की बादशाहत

## यह टीम सभी के लिए बड़ी वॉर्निंग बनकर उभरी



**नई दिल्ली।** अमेरिका और वेस्टइंडीज में 2 जून से आईसीसी टी20 विश्व कप की शुरूआत होनी है और उससे पहले सभी टीमों की टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में अपडेट हुआ है। टी20 विश्व कप के शुरूआती चरण से पहले टीम इंडिया ने पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान कायम रखा है। भारतीय टीम के 264 रेटिंग अंक हैं। वहीं ऑस्ट्रेलिया दूसरे स्थान पर है। ऑस्ट्रेलिया के 257 रेटिंग अंक है, जबकि इंग्लैंड 254 रेटिंग अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। वहीं दो बार की चैम्पियन वेस्टइंडीज अपने खिलाड़ियों के टी20 विश्व कप से पहले शानदार फॉर्म में आने से चौथे स्थान पर पहुंच गई है। 2012 और 2016 में आईसीसी टी20 विश्व कप का खिताब जीतने वाली वेस्टइंडीज ने हाल ही में दक्षिण अफ्रीका पर 3-0 को हराया था और उसे इसका रैंकिंग में फायदा मिला है। वहीं दक्षिण अफ्रीका रैंकिंग में सातवें स्थान पर खिसक गई है।

वेस्टइंडीज ने विश्व कप की शुरूआत से पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज खेली थी। वेस्टइंडीज ने बिना बड़े नामों के पहले मुकाबले में मेहमान टीम को 28 रनों से हराया था, जबकि दूसरे मैच में मेजबान ने 16 और आखिरी मैच में 8 विकेट से जीत दर्ज की थी। इस सीरीज जीत के बाद वेस्टइंडीज को रैंकिंग में दो स्थान का फायदा हुआ है और वो रैंकिंग में चौथे स्थान पर आ गई है। वहीं टॉप-5 में आखिरी टीम न्यूजीलैंड हैं जिसके 250 रेटिंग अंक हैं। पाकिस्तान के भी 244 रेटिंग अंक हैं और वो रेकिंग में छठे स्थान पर है। पाकिस्तान दशमलव की गणना में दक्षिण अफ्रीका से आगे है। जबकि टॉप-10 में आखिरी तीन टीमें श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी टी20 प्लेयर्स रैंकिंग में फायदा हुआ है।

# आर प्रज्ञानानंद ने क्लासिकल शतरंज में रचा इतिहास, वर्ल्ड नंबर-1 कार्लसन को दी मात

● कार्लसन और प्रज्ञानानंदा के बीच पिछली तीन बाजियां ड्रॉ रही थी।



**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंद ने क्लासिकल शतरंज में वर्ल्ड चैंपियन मैग्रस कार्लसन को शिकस्त देकर इतिहास रच दिया है। प्रज्ञानानंद ने ये जीत नॉर्वे चेस टूनार्मेंट 2024 में 29 मई को दर्ज की है, जो नोर्वे के स्टावेंजर में चल रहा है।

18 वर्षीय प्रज्ञानानंद ने वर्ल्ड चैंपियन मैग्रस कार्लसन को उनके ही घर में जाकर हराया है। सफेद मोहरों से खेलते हुए भारतीय स्टार ने पिछले साल के एफआईडीई वर्ल्ड कप विजेता कार्लसन को कांटे की टक्कर में हराया था। इसी के साथ भारतीय ग्रैंडमास्टर ने टूनार्मेंट के ओपन सेक्शन में एकल बढ़त हासिल कर ली है।

क्लासिकल शतरंज को धीमे शतरंज के रूप में भी जाना जाता है और इसमें खिलाड़ी को चाल चलने के लिए पर्याप्त समय मिलता है और आम तौर पर एक खिलाड़ी के पास कम से कम एक घंटे का समय होता है। इस प्रारूप में कार्लसन और प्रज्ञानानंदा के बीच पिछली तीन बाजियां ड्रॉ रही थी। प्रज्ञानानंदा की बहन आर वैशाली भी महिला वर्ग में शीर्ष पर चल रही हैं। उनके भी 5.5 अंक हैं।

अमेरिका के हिकारू नाकमूरा ने फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा के खिलाफ क्लासिकल बाजी ड्रॉ रहने के बाद आमार्गेडोन (सडन डेथ) बाजी जीतकर डेढ़ अंक हासिल किए। नाकामूरा अंक तालिका में तीसरे स्थान पर हैं और चौथे दौर में प्रज्ञानानंदा से भिड़ेंगे।

# 18 महीने बाद भारतीय टीम के साथ खेलेंगे ऋषभ पंत, कहा- भारत की जर्सी पहनना और टीम में वापसी करना अलग एहसास



**मुंबई।** भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत 18 महीने बाद भारतीय टीम के साथ नजर आ रहे हैं। दिसंबर 2022 में भयानक कार एक्सीडेंट के बाद पंत पहली बार भारतीय टीम में शामिल हुए हैं और इंटरनेशनल क्रिकेट खेलेंगे। वे भारत के लिए टी20 वर्ल्ड कप 2024 में नजर आने वाले हैं, जिसकी तैयारी में वो जुट गए हैं। वह भारतीय टीम के साथ बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज खेलेंगे और इसके लिए वह प्रैक्टिस भी कर रहे हैं। वहीं उन्होंने इस दौरान कहा कि भारत की जर्सी को पहनना और टीम में वापसी करना उनके लिए एक अलग एहसास है।ऋषभ पंत न्यूयॉर्क में टीम इंडिया के पहले नेट सेशन में नजर आए। उन्होंने कई गेंदबाजों का सामना किया और अपनी फीलिंग भी बताई। उन्होंने पहले सूर्यकुमार यादव से भा बात की थी कि हम एनसीए में मिले थे, जहां उनका रिहैब चल रहा था। बीसीसीआई द्वारा शेयर किए गए वीडियो में उन्होंने वापसी को लेकर कहा कि, इंडियन जर्सी में टीम के साथ वापसी करना एक अलग एहसास है। ये वह चीज है, जिसे मैंने बहुत मिस किया है। मुझे लगता है कि साथियों को देखना, मीटिंग करना और टाइम बिताना अच्छा लगा।

वहीं पंत ने आगे कहा कि, खिलाड़ियों के साथ मजे करना और बातें करने में मजा आया। हम अलग-अलग देशों में क्रिकेट खेलने के अभ्यस्त हैं, लेकिन यहां चीजें अलग हैं। हम पहली बार न्यूयॉर्क में नए विकेट्स पर खेलेंगे, ये एक नया चैलेंज है। क्रिकेट दुनियाभार में ग्रो हो रहा है और यूएसए में भी हम ऐसा देख पा रहे हैं। नए पिच और नया सेटअप तैयार हुआ है और मौसम भी अलग है तो हम इसके आदी हो रहे हैं। मैं चाहता हूं कि मैं इस टूनार्मेंट में वापसी करते हुए छाप छोड़ सकूं। इसी के लिए तैयारी कर रहा हूं। पंत ने आखिरी टी20 इंटरनेशनल मैच नवंबर 2022 में खेला था।

# पीवी सिंधु को फाइनल में मिली करारी शिकस्त, स्पेन की कैरोलिना मारिन से हारी



**नई दिल्ली।** पीवी सिंधु को अपनी चिर प्रतिद्वंद्वी कैरोलिना मारिन के खिलाफ 18 . 15 की बढत बनाने के बाद सिंगापुर ओपन बैडमिंटन के महिला एकल प्री क्वार्टर फाइनल में पराजय का सामना करना पड़ा। पिछले सप्ताह थाईलैंड ओपन में उपविजेता रही सिंधु ने एक घंटे आठ मिनट तक चला बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 750 का यह मुकाबला 21 . 13, 11 . 20, 20 . 22 से गंवाया।

डेनमार्क ओपन सेमीफाइनल में हुई बहस के बाद दोनों खिलाड़ी सात महीने में पहली बार एक दूसरे का सामना कर रही थी। पहला गेम गंवाने के बाद दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी मारिन ने शानदार वापसी करते हुए लगातार छह अंक बनाये और 17 . 7 की बढत बना ली।

इसके बाद सिंधू को वापसी का मौका नहीं देकर मैच को निर्णायक गेम तक खींचा। निर्णायक गेम में सिंधू ने बढत बनाई लेकिन मारिन ने वापसी करके जीत दर्ज की। यह सिंधू के खिलाफ 17 मैचों में उनकी 12वीं जीत थी।

## न्यूज डायरी

### 11 दिवसीय ग्रीष्म कालीन शिविर का समापन



**मोदीनगर , करंट क्राइम।** डॉ0 केएन मोदी ग्लोबल स्कूल की शाखा प्रीति पेंगुइन में 11 दिवसीय ग्रीष्म कालीन शिविर का विधिवत समापन हो गया। समापन अवसर पर 150 से अधिक बच्चों ने विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल प्रधानाचार्य एवं स्कूल की हेडमिस्ट्रेस द्वारा किया गया। स्कूल में बच्चों का आगमन ढोल नगाड़ों के साथ हुआ। इस दौरान बच्चों ने बहुत उम्दा झांकियों का प्रदर्शन किया। बच्चों द्वारा निर्मित कलाकृति आर्ट क्राफ्ट की प्रदर्शनी भी लगाई गई तथा बच्चों ने योग योर फन गेम्स में भी जमकर योगदान दिया। प्रिंसिपल वी राणा ने बताया शिक्षा के साथ-साथ कला एवं संस्कृति का हर व्यक्ति के जीवन में विशेष महत्व होता है। उन्होंने हर बच्चे को प्रमाण पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विभा त्यागी, डॉ0 मनोज अग्रवाल, डॉ0 दीपांकर शर्मा, मनीष त्यागी व प्ले स्कूल के अध्यापक व अध्यापिकाएंमौजूद रहीं।

### मुस्लिम युवती के धर्म परिवर्तन कर शादी रचाने के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**मोदीनगर , करंट क्राइम।** मुस्लिम समुदाय की युवती की ओर से धर्म परिवर्तन कर हिंदू युवक से शादी रचाने के मामले में नया मोड़ आ गया है। अब युवती के परिजनों ने उसके पति सहित परिवार के लोगों के खिलाफ जबरन धर्म परिवर्तन कराने का आरोप लगाते हुए कोर्ट के आदेश पर मामला दर्ज करा दिया है। जबकि युवती ने अपने ही माता पिता के खिलाफ ऑनर किलिंग की आशंका जताते हुए पुलिस कमिश्नर से सुरक्षा की गुहार लगाई है। कस्बा निवाड़ी निवासी आटो चालक की 21वर्षीय पुत्री गत एक मई को रहस्यमय ढंग से गायब हो गयी थी। बाद में उसने पुलिस के समक्ष पेश होकर बताया था कि उसने धर्म परिवर्तन कर मोदीनगर के हरमुखपुरी निवासी सत्यकांत द्विवेदी नामक युवक से शादी रचा ली है। उसने पुलिस कमिश्नर से मिलकर अपने माता पिता के खिलाफ ऑनर किलिंग की आशंका जताते हुए रिपोर्ट दर्ज करा दी थी। उसने बताया था कि उसके पिता एक अधेड़ युवक से उसकी जबरन शादी कराना चाहते थे, पुलिस ने उसके बयान दर्ज कर कोर्ट में पेश किये थे। अब इस प्रकरण में युवती के पिता की ओर से उसके पति के खिलाफ जबरन धर्म परिवर्तन कराने व अगुवा कर ले जाने तथा युवती को दबाव में लेकर कागजातों पर हस्ताक्षर कराने सहित कई गंभीर आरोप लगाये हैं। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय का कहना है कि इस प्रकरण में युवती के पिता की ओर से कोर्ट के आदेश पर हरमुखपुरी निवासी सत्यकांत द्विवेदी, संध्या द्विवेदी व राजलक्ष्मीके खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आकर युवक की मौत

**मोदीनगर , करंट क्राइम।** अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिये हैं। दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस-वे पर गांव कलछीना के पास सुबह एक युवक का शव पड़ा मिला। एक्सप्रेस-वे की पेट्रोलिंग टीम ने इसकी सूचना भोजपुर पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि किसी वाहन से टकराकर युवक की मौत हुई है। मृतक की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। इसके अलावा हीरा एन्क्लेव में देर रात डंपर की चपेट में आकर एक पशु की मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल हो गया। हिंदू संगठन से जुड़े लोगों ने मौके पर पहुंचकर जमकर हंगामा किया।

### तेज रफ्तार अज्ञात वाहन से कुचलकर युवक की मौत

**मोदीनगर , करंट क्राइम।** दिल्ली मेरठ मार्ग पर देर रात को तेल मिल गेट के सामने बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गाजियाबाद के नगला मोहनपुर निवासी शिवकुमार का 19 वर्षीय प्रिंस रात को अपने मामा मोदीनगर निवासी विनोद कुमार के पास बाइक से आ रहा था। जब वह दिल्ली मेरठ मार्ग पर तेल मिल गेट के पास पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद बाइक सवार काफी दूर जा गिरा। इस हादसे में बाइक सवार प्रिंस की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# बल्लेबाजों की बल्ले-बल्ले या बॉलर्स का बवाल, कैसी होगी चौथे टी-20 की पिच




**लंदन।** इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच लंदन के केनिंग्टन ओवल में चौथा टी-20 मुकाबला खेला जाएगा। इस सीरीज में अब तक सिर्फ एक ही मैच हुआ है। पहला और तीसरा टी-20 बारिश के चलते धुल गया था। यह सीरीज दोनों टीम के लिए महत्वपूर्ण थी क्योंकि 1 जून से शुरू होने वाले टी-20 विश्व कप से पहले इंग्लैंड और पाकिस्तान कोई भी अभ्यास मैच नहीं खेल रहा है। मेजबान इंग्लैंड दूसरा टी-20 मैच 23 रन से जीतकर सीरीज में 1-0 से आगे है। ऐसे में पाकिस्तान सीरीज का आखिरी मैच जीतकर बराबरी करने के लिए बेरकार होगा। सीरीज खत्म होते ही दोनों टीम 31 मई को टी-20 विश्व कप के लिए उड़ान भर लेगी। इस बीच अभी भी स्पष्ट नहीं है कि जोस बटलर इंग्लैंड के लिए उपलब्ध होंगे या नहीं क्योंकि वह पितृत्व अवकाश के कारण तीसरे टी-20 के लिए टीम के साथ नहीं थे। हालांकि, इस बात की पूरी उम्मीद है कि वह शुक्रवार को पूरी टीम के साथ उड़ान भरेंगे।

इंग्लैंड के दूसरे मैदानों की तरह लंदन के केनिंग्टन ओवल में भी बढ़िया बैटिंग पिच है, लेकिन पिच सपाट होने से पहले नई गेंद के बॉलर्स के लिए इसमें कुछ मदद है। इस ग्राउंड में अब तक 18 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले गए हैं, जिनमें से 10 पहले बल्लेबाजी करने वाली टीमों ने जीते हैं।

# भारत और पाकिस्तान मैच पर आतंकी हमले की आशंका पर आईसीसी ने दिया बयान




**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 में भारत और पाकिस्तान आपस में 9 जून को न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी क्रिकेट स्टेडियम में भिड़ेंगे। लेकिन उससे पहले इस मैच पर आतंकी साया मंडराने लगा है। डेली एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, भारत और पाकिस्तान के मैच पर आतंकी हमले की आशंका है।

यही कारण है कि न्यूयॉर्क की पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्थान काफी बढ़ा दी है। हालांकि, अधिकारियों को अब तक कथित खतरे का समर्थन करने के लिए कोई मजबूत सबूत नहीं मिले हैं। वहीं अब इस पर आईसीसी ने अपनी चुप्पी तोड़ी है।

ईएसपीएनक्रिकइंफो ने आईसीसी के हवाले से लिखा है कि, पूरे टूनार्मेंट में सुरक्षा मजबूत होगी। जिसमें न्यूयॉर्क भी शामिल है, आईसीसी के प्रवक्ता ने कहा है कि कार्यक्रम में सभी की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है। हमारे पास एक व्यापक और मजबूत सुरक्षा योजना है।

आईसीसी ने कहा है कि, हम अपने मेजबान देशों के अधिकारियों के साथ मिलकर काम करते हैं और वैश्विक परिदृश्य की निरंतर निगरानी और मूल्यांकन करते हैं ताकि ये सुनिश्चित हो सके कि हमारे आयोजन के लिए पहचाने गए किसी भी जोखिम को कम करने को लेकर उचित योजनाएं मौजूद हैं।

इससे पहले 9 जून को भारत और पाकिस्तान मैच को लेकर आतंकी खतरे की रिपोर्ट के बाद न्यूयॉर्क के गर्वनर के कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया था कि आइजनहावर पार्क स्टेडियम में सुरक्षा घेरा बढ़ा दिया गया है। वे स्थिति पर नजर रख रहे हैं।

उनकी खुफिया जानकारी के अनुसार, इस समय तक सार्वजनिक सुरक्षा को लेकर कोई खतरा नहीं है। मैनहट्टन से लगभग 25 मील पूर्व में स्थित आइजनहावर पार्क स्टेडियम पर 3 जून से 12 जून तक टी20 वर्ल्ड कप 2024 के 8 मैच खेले जाने हैं। इससे हाई प्रोफाइल भारत और पाकिस्तान का मैच भी शामिल है।

# विश्व रैकेटलान चैंपियनशिप में भारत की कप्तानी करेंगे विक्रमादित्य

**नई दिल्ली।** विक्रमादित्य चौफला को रोटरडम में 31 जुलाई से चार अगस्त तक होने वाली विश्व रैकेटलान चैंपियनशिप के लिए छह सदस्यीय भारतीय टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है।चैंपियनशिप नीदरलैंड्स के रोटरडैम शहर में होगी। रैकेटलान एक संयुक्त खेल है जिसमें प्रतिस्पर्धियों को चार रैकेट खेल टेबल टेनिस, बैडमिंटन, टेनिस और स्क्वाश खेलना होता है। पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी विक्रमादित्य पिछली दो विश्व चैंपियनशिप में भी भारत की रैकेटलान टीम का हिस्सा रह चुके हैं। उन्होंने 2022 में राटरडैम में हुई चैंपियनशिप में व्यक्तिगत स्पर्धा का रजत पदक जीता था।

टीम में विक्रमादित्य के अलावा निहित कुमार सिंह, करण तनेजा, प्रशांत सेन निखिल मनसुखानी और एकमात्र महिला खिलाड़ी नयना तनेजा शामिल हैं।

# गौतम गंभीर बोले- शाहरुख खान एक चीज में असफल रहे हैं और हमेशा रहेंगे

**मुंबई।** शाहरुख खान की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने आईपीएल का यह सीजन जीत लिया है। केकेआर की जीत के बाद टीम के मेंटर गौतम गंभीर ने टीम के खिलाड़ियों के साथ शाहरुख के संबंध और उनकी असफलता पर बात की। गौतम गंभीर ने कहा कि वह टीम के मालिक होने के बावजूद एक चीज में असफल रहे और हमेशा उस चीज में असफल ही रहेंगे।

## गौतम गंभीर ने की शाहरुख खान की तारीफ

गौतम गंभीर ने स्पोर्ट्सकीड़ा क्रिकेट को दिए इंटरव्यू में बताया कि शाहरुख खान का टीम के साथ एक अनोखा बंधन है। गौतम बोले, शाहरुख भाई का टीम के साथ बहुत अच्छा बॉन्ड है। उन्होंने टीम को उतार-चढ़ाव से गुजरते देखा है, बुरे दौर से निकलते देखा है और अच्छे दौर में भी देखा। इसलिए वह इस टीम के साथ इमोशनली जुड़े हुए हैं। वह मालिक की तरह नहीं बल्कि टीम के सदस्य की तरह रहते हैं।



## गौतम के हिसाब से इस चीज में हमेशा असफल रहेंगे शाहरुख खान

इंटरव्यू के दौरान गौतम से पूछा गया कि उन्होंने केकेआर की जीत के बाद किन गानों पर डांस किया? ये सवाल सुनने के बाद गौतम हंस पड़े और कहा, शाहरुख भाई ने अपने जीवन में बहुत सफलता हासिल की है और भगवान करे कि वे भविष्य में हमेशा हर चीज में सफल रहें, लेकिन एक ऐसी चीज है जिसमें वह अभी तक सफल नहीं हो पाए हैं और वह है मुझसे डांस करवाना। वे मुझसे डांस करवाने में असफल रहे हैं और भविष्य में भी वे इसमें असफल ही रहेंगे, क्योंकि मुझसे गाना गाना और डांस करना नहीं हो पाता है।

# टीम इंडिया का नया हेड कोच चुनने से पहले सौरव गांगुली ने दी बीसीसीआई को सलाह

● कहा- कोच की भूमिका किसी भी व्यक्ति के भविष्य को आकार देती है, ऐसे में उनका चयन बड़ी ही समझदारी से करना चाहिए।



**नई दिल्ली।** राहुल द्रविड़ का बतौर कोच टीम इंडिया के साथ कार्यकाल टी20 वर्ल्ड कप 2024 तक का ही है। ऐसे में बीसीसीआई नए कोच की तलाश में हैं। कुछ रिपोर्ट्स सामने आई है कि गौतम गंभीर को टीम इंडिया के नए हेड कोच के लिए चुन लिया गया है। हालांकि, बीसीसीआई ने अभी तक इसका अधिकारिक तौर पर ऐलान नहीं किया है। इस बीच टीम इंडिया के पूर्व कप्तान और पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने बोर्ड को नए कोच को चुनने को लेकर एक हिदायत दी है। उनका कहना है कि कोच की भूमिका किसी भी व्यक्ति के भविष्य को आकार देती है, ऐसे में उनका चयन बड़ी ही समझदारी से करना चाहिए।

सौरव गांगुली ने एक्स पर लिखा कि, किसी के जीवन में कोच का महत्व, उनका मार्गदर्शन और निरंतर प्रशिक्षण किसी भी व्यक्ति के भविष्य को आकार देते हैं, चाहे वह मैदान पर हो या मैदान के बाहर। इसलिए कोच और संस्थान का चयन समझदारी से करें... आईपीएल के दौरान रिकी पोंटिंग और जस्टिन लैंगर जैसे पूर्व विदेशी खिलाड़ियों ने दावा किया था कि बीसीसीआई ने कोच के पद के लिए उनसे संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने इसके लिए इनकार कर दिया। हालांकि, बाद में बीसीसीआई सचिव जय शाह ने इस मुद्दे पर सफाई देते हुए कहा कि बोर्ड टीम इंडिया के लिए किसी भारतीय कोच की तलाश में है।

वहीं गौतम गंभीर ने आईपीएल के पिछले तीन सीजन में बतौर मेंटॉर काम किया। वह पहले लखनऊ सुपर जायंट्स के मेंटॉर रहे और फिर केकेआर में वापसी करते हुए उन्होंने बतौर मेंटॉर टीम को तीसरा खिताब दिलाया।

कई मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, गौतम गंभीर भारतीय टीम के हेड कोच बनने के बड़े दावेदार हैं। बीसीसीआई के शीर्ष अधिकारियों के बेहद करीब एक एक आईपीएल फ्रेंचाइजी के मालिक ने बताया कि गंभीर की डील पक्की हो चुकी है। अभी तक घोषणा इसलिए नहीं हुई क्योंकि दोनों पक्षों के बीच कुछ चीजों को लेकर बातचीत चल रही है। गंभीर टी20 वर्ल्ड कप 2007 और वर्ल्ड कप 2011 जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे हैं। उनकी कप्तानी में केकेआर ने 2012 और 2014 में खिताब जीता था।

# गाजियाबाद में तेज धूप ने मचाया कोहराम : फ्लैट की बालकनी में रखी वॉशिंग मशीन में लगी आग

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद की एक सोसायटी में फ्लैट की बालकनी में रखी वॉशिंग मशीन में देखते ही देखते आग लग गई। घटना के बाद सोसायटी में हड़कंप मच गया। अन्य फ्लैटों में रह रहे लोगों ने पानी का छिड़काव कर आग पर काबू पाया। अभी तक आग लगने कारण पता नहीं चल पाया है। बताया जा रहा है कि तेज गर्मी से हीट होने पर वॉशिंग मशीन में लगी है।



### घटना के समय बंद थी वाशिंग मशीन

जानकारी के मुताबिक गाजियाबाद के राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र में ऑफिसर सिटी-2 सोसायटी है। सोसायटी में एक फ्लैट की बालकनी में रखी वॉशिंग मशीन में अपने आप आग लग गई। बालकनी में आग जलते कुछ लोगों ने देख लिया। जिसके बाद हड़कंप मच गया। फ्लैट के आसपास रहने वाले लोगों ने पानी का लगातार छिड़काव कर आग पर काबू पा लिया। जिससे आग को फैलने से रोक लिया गया। सोसायटी के लोगों का कहना है कि मशीन बंद थी।

इसके बाद भी उसमें आग लग गई। कुछ लोगों का कहना है कि तेज धूप से हीट होने पर वॉशिंग मशीन में आग लगी है।

### तेज धूप में न रखें वॉशिंग मशीन

एक्सपर्ट का कहना है कि गर्मियों में वाशिंग मशीन को ऐसी जगह नहीं रखना चाहिए, जहां तेज धूप रहती है। वॉशिंग मशीन की मोटर में लिक्विड ऑयल होता है। अगर यह हाई टेंपरेचर में आ जाए तो इसमें आग लग सकती है। इसके अलावा यदि मशीन घूप में रखी का स्विच ऑन है तो भी आग लगने का खतरा बढ जाता है। गाजियाबाद में आग मशीन के धूप में रखी होने की वजह से लगी। यदि मशीन को धूप में रखने के अलावा कोई चारा नहीं है तो उसे मोटे कपड़े से ढककर रखें और स्विच ऑफ रखें।

### इंदिरापुरम में एसी में लगी थी आग

इंदिरापुरम के शक्ति खंड स्थित एक फ्लैट में लगा स्प्लिट एसी फट गया। इससे कमरे में आग लग गई। पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाई। हादसे के वक्त एसी चल रहा था। अधिकांश घरों में स्प्लिट एसी लगे हैं, जिनका एक हिस्सा घर के बाहर होता है जो गर्म हवा बाहर फेंकता है। यदि वह हिस्सा तेज धूप में है तो उसमें भी आग लगने का खतरा हो सकता है।

# हापुड़ में गैस रिफलिंग करना पड़ा भारी : छोटी सी गलती से लगी आग, धू-धू कर जली कार



**हापुड़ करंट क्राइम।** जिले के नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला त्रिलोकीपुरम में स्थित एक गली में खड़ी कार में घरेलू सिलेंडर से गैस रिफलिंग के दौरान आग लगा गई। इस दौरान कार मालिक सहित स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना के बाद पुलिस व दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और हालात पर काबू पाया। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाकर सभी ने राहत की सांस ली

### कार में कर रहे थे गैस रिफलिंग

नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि मोहल्ला त्रिलोकीपुरम के रहने वाले मोइनुद्दीन ने मोहल्ला स्थित एक गली में अपनी कार खड़ी की हुई थी। रात के वक्त वह घरेलू सिलेंडर से कार में गैस रिफलिंग कर रहा था। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग लगता देखकर मोहल्लावासियों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

इस संबंध में पुलिस का कहना है कि सूचना पर पहुंची दमकल की एक गाड़ी ने आग पर काबू पा लिया है। घटना में कार पूरी तरह से जल चुकी है। गैस रिफलिंग के दौरान कार में आग लगी थी।




### बस इतना सा मैटर, पूरे पांच परसेंट लेकर ही दिया उसने लैटर

वो खा रहे हैं पूरी शान से औरकहने वाले ने कहा कि कैसे कैसे बेईमान आ गये हैं इस बार पूछो मत ईमान से। किस्सा फूल वाले वार्ड से जुड़ा है और महकमें वालों ने बता दिया था कि मेंबर तो मेंबर उसका तो हसबैंड भी पूरे पांच परसेंट लेने पर अड़ा है। दो से शुरू हुये चार पर मामला सेट हो गया लेकिन पता नही मेंबर के हसबैंड का एक परसेंट पर ईमान डोल गया। महकमा सूत्र ने बताया कि ये मौहल्ला प्रधान इतना नही समझ रहे है कि भुगतान के तो हम ही है नियंता और होगा वो ही जो चाहेगा अभियंता। भगवाई के सिर पर कमाई का भूत सवार है और वो पैठ बाजार की उगाही से लेकर पांच परसेंट के कमीशन को अपना अधिकार बता रहे हैं। फूल वालों के वार्ड की कहानी है और पूरे पांच परसेंट लेने के बाद ही मेंबर हसबैंड ने लैटर दिया। फिर महकमें वालो ने भी कहा कि आंधी ही ऐसी आई है कि उनके मुखिया भले ही कहें कि बापू तो फिल्म आने के बाद ही पहचाने गये लेकिन यहां तो चुनाव जीतने के बाद मौहल्ला मेंबरो के असली रंग पहचाने गये हैं अब उन्हे हर विकास में सिर्फ गांधी ही गांधी दे रहे दिखाई हैं।

### कोई नई नहीं हैं रीत यहां फूल वालों की पहले भी उतरी है फीत

फूल वाले बबूल भी खुद ही हुये और कूल भी खुद ही हो गये। जेल से लेकर बेल तक पुलिस वाले साहब ने कतई नही मानी उनकी एक भी बात और ना करी उनसे कोई मुलाकात। अब पार्षद बेल करा कर जेल से बाहर आया तो फूल वाले खुद ही एक दूसरे के गले में फूल माला पहनाकर एक दूसरे को बधाई देने लेगे। एक धारा कम नही हुई और चार जून की धमकी का कोई असर नही हुआ। पुराने भाजपाई ने कहा कि अब तो आदत हो जानी चाहिये और वैसे भी फूल वालों के साथ ये कोई नई रीत नही हैं यहां तो अलग अलग सरकारों में फीत उतरती रही है। प्रथम नागरिक का जलवा तो पूछो ही मत। दिवंगत डीसी गर्ग मेयर रहते हुये निगम में धरने पर बैठे थे। स्वर्गीय दमयंती गोयल भी मेयर रहते हुये धरने पर बैठी थी और दिवंगत तेलूराम काम्बोज को भी मेयर रहते हुये तत्कालीन पार्किंग लिपिक ने पत्रावली दिखाने से साफ इंकार कर दिया था। आशा शर्मा बता देंगी कि नगरआयुक्त पद पर दिनेश सिंह को क्यों उन्हे बड़े बड़े लैटर लिखने पड़े थे और अफसरों के साथ निगम के बाबुओं ने बोर्ड बैठक का बहिष्कार कर दिया था। भाजपाई ने ही कहा कि नगर निगम में ये कोई नई रीत नही है यहां तो कई मौको पर पता नही कितनी बार फूल वालों के मेयर से लेकर मेंबर तक की फीत उतरी है।

### अगर आयेगी 112 पर काल तो हम नही मानेंगे किसी का भौकाल

मौहल्ला प्रधान पर ठेली वाला भारी पड़ गया और मेंबरी एकता से लेकर प्रथम नागरिक का भौकाल किसी काम नही आया। पार्षद एकता आधी इस पार रह गई आधी उस पार और सीन वही हो गया कि मार के बाद ओनली चीख पुकार। किस्सा स्टार वालों के बीच चला कि साहब को क्या प्रथम नागरिक का प्रोटोकाल फालो करना था। जवाब भी सिपाही ने दिया और उसने कहा कि अगर 112 पर काल आयेगी तो श्रीमान जी हम रिस्पांस देगें और ना तो किसी का प्रोटोकाल मानेगें और ना ही किसी का भौकाल मानेगें उन्हे अगर सिस्टम से दिक्कत है तो सरकार को अवगत करा दें जो आदेश सरकार से आयेगा हम तो केवल वो मानेगें। अगर फिर 112 काल आयेगी और मेंबर मौके पर मिला तो वहीं से उठा कर थाने लायेगें और पर्चा काटकर डायरेक्ट हवालात में डालेगें।

# हापुड़ में अंतर्राज्यीय वाहन चोर गैंग का पदार्फाश
## भोले-भाले लोगों को सस्ते दामों में बेचते थे वाहन

**हापुड़ करंट क्राइम।** जिले भर में वाहन चोरी की घटनाओं को लेकर पुलिस काफी सक्रिय हो गई है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान अंतर्राज्यीय दो वाहन चोर गिरफ्तार किए हैं। इनके पास से चोरी की 4 बाइक और 2 कार बरामद की हैं। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है। इस गिरोह द्वारा वाहन चोरी की घटनाओ के बारे पूछताछ की जा रही है।



### कई घटनाओं को दिया अंजाम

पुलिस ने बताया कि गालंद नहर पुल के पास वाहनों की चेकिंग करा रहे थे। तभी मुखबिर ने उन्हें सूचना दी कि गुलावठी की ओर से वाहन चोर गिरोह के दो सदस्य चोरी और लूट की बाइक बेचने की फिराक में हैं, सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर दी। पुलिस को देखकर आरोपी भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें दबोच लिया। जानकारी करने पर दोनों बाइक चोरी की निकली। पुलिस ने बताया कि पूछताछ में पकडे गए आरोपियों ने वाहन चोरी की घटनाएं करना कबूल किया है।पुलिस ने दोनों चोरो की निशांदेही पर 2 कार, 4 बाइक बरामद की है। पकड़े गए आरोपी वाहनों पर नम्बर प्लेट बदलकर आर्थिक लाभ कमाते थे।

### पुलिस का बयान

पिलखुवा सर्किल के डीएसपी जितेंद्र शर्मा ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों के नाम निशांत और अर्जुन है। इनके द्वारा लूट या चोरी करके वाहनों को दूसरे जिलों में कम पैसों में बेच दिया जाता था। पुलिस से बचने के लिए चोरी के वाहनों पर फर्जी नबर प्लेट लगा लेते थे ताकि वह पकड़े न जाएं, जिसके बाद वाहनों को भोले-भाले लोगों को सस्ते दाम में बेचकर फरार हो जाते थे। ऐसा करने से वाहन चोर पुलिस की नजरों में धूल झोंकने की कोशिश करते थे। इस गैंग के द्वारा एनसीआर व अन्य जिलों से वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया गया है।

# नशीला पदार्थ सुंघाकर बिल्डर की पत्नी के गहने लेकर फरार

**साहिबाबाद।** कोतवाली के पीछे शनि चौक पर तीन महिलाओं ने राजेंद्रनगर सेक्टर-2 निवासी बिल्डर मनोज कुमार शर्मा की पत्नी पूजा शर्मा को सम्मोहित कर चार लाख के गहने उतरवा लिए। घटना 25 मई की रात पौने आठ बजे करीब की है। पूजा का कहना है कि दो महिलाओं ने गिरोह में शामिल तीसरी युवती को जयपुर जाने के लिए मदद नाम पर उन्हें रास्ते में रोका था। घटना के बाद उन्हें नशीला पदार्थ सुंघाकर छोड़ दिया। पुलिस ने शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया है। महिलाओं की पहचान के लिए पुलिस सीसीटीवी फुटेज चेक कर रही है। बिल्डर मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि 25 तारीख को बड़ा बेटा अपनी मम्मी पूजा शर्मा को बाइक से लाजपत नगर के शनि चौक पर लेकर गया था। वह किसी काम के लिए पूजा को छोड़कर चला गया था। पत्नी पूजा एक दुकान पर आम खरीद रही थी। तभी पीछे से दो महिला और एक युवती आकर खड़ी हो गईं। महिलाओं ने उनसे कहा कि युवती को जयपुर जाना है। उसके पास 500 रुपये के नोटों की गड्डी है, आप थोड़ी मदद कर दीजिए। वे अनजान युवती की मदद के लिए मना करके आगे बढ़ गईं। कुछ दूर पहुंचते ही महिला ने उनके कंधे पर हाथ रखकर कुछ देर उनकी तरफ देखा, जिससे वह सम्मोहित हो गईं। आरोप है कि दोनों महिला और युवती ने सड़क किनारे अंधेरे में उनसे सोने के दो कड़े, सोने की दो अंगूठी और एक चांदी की अंगूठी उतरवा ली। इसके बाद उन्हें नशीला पदार्थ सुंघाकर छोड़ दिया। वह काफी देर तक इधर उधर भटकती रही, जब घर नहीं पहुंची तो परिजनों को चिंता होने लगी। रात 9:30 बजे एक रिक्शा चालक ने उन्हें बेसुध हालत में छोड़ा। तब उन्होंने पति और बेटे को घटना के बारे में बताया। पति मनोज का कहना है कि नशीले पदार्थ की वजह से पूजा की तीन दिन तक तबीयत खराब रही। निजी अस्पताल में उपचार करने के बाद उन्होंने साहिबाबाद कोतवाली जाकर पुलिस को घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। एसीपी साहिबाबाद रजनीश उपाध्याय का कहना है कि घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी कैमरा की फुटेज चेक कर रहे हैं। इससे पूर्व भी महिलाओं ने एक बुजुर्ग से गहने उतरवा लिए थे। सीसीटीवी फुटेज से पुरानी घटना में शामिल महिलाओं के आधार पर मिलान करने में लगी है।

### भीषण गर्मी में बिजली कटौती ने जीना किया दुश्वार

मोदीनगर, करंट क्राइम। एक तरफ भीषण गर्मी से लोग परेशान हैं तो वही आठ से दस घंटे की बिजली कटौती लोगों के लिए मुसीबत बनी हुई है। ओवर लोडिंग व क्षेत्र में तार बदलने के कार्यो के चलते हो रही कटौती से उपभोक्ता काफी परेशान हैं। उधर,पालिका सभासदों के साथ ही भाकियू टिकैत संगठन ने इस मुद्दे को लेकर आंदोलन की चेतावनी दे दी है। मोदीनगर के शहरी क्षेत्र में कृष्णानगर, फफराना बस्ती, विश्वकर्मा बस्ती, ग्रीनपार्क, उमेश पार्क, पारस कॉलोनी से लेकर गोविंदपुरी क्षेत्र में आठ से दस घंटे की कटौती हो रही है। हाल यह है, कि इन दिनों विभाग की ओर से हाईटेंशन लाइन की तारों को बदलने का कार्य भी चल रहा है जिस कारण सुबह ही आपूर्ति ठप कर दी जाती है। आपूर्ति ठप करने की सूचना केवल विद्युत उपभोक्ताओं के ग्रुप पर डालकर विभाग खानापूर्ति कर रहा है। इस बावत विभाग के अधिशासी अभियंता महेश उपाध्याय का कहना है कि अधिकांश क्षेत्रों में तार बदलने का कार्य पूरा हो चुका है, एक दो दिन के भीतर ही ट्रांसफार्मर के उपकरण बदलने का भी कार्य पूरा हो जायेगा, उसके बाद उपभोक्ताओं को आपूर्ति मिलने लगेगी।




## मतगणना भी रहेगा बड़ा टास्क



पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में मतदान के बाद अब उसकी मतगणना का कार्यक्रम भी पुलिस कमिश्नरेट के लिए बड़ा टास्क रह सकता है। कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस की जिम्मेदारी संभालने वाले कई अधिकारियों की गाड़ियों की लोकेशन इन दिनों अपने कार्यालय से ज्यादा अनाज वाली मंडी के स्थान पर मिलती है। गुरुवार को भी कई अधिकारियों ने घंटे इस लोकेशन पर समय दिया। उधर बताया जा रहा है कि यहां पर 6 एसीपी स्तर के अधिकारियों को 4 जून की ड्यूटी के लिए लगाया जाएगा। तो आईपीएस अधिकारी भी यहां मुस्तैद रहेंगे। बस उम्मीद की जा रही है कि पिछले विधानसभा वाला सीन यहां पर न होने पाए। जिस तरीके का इस बार मतगणना स्थल पर पंडाल बना है वह बेहद गर्मी वाला रहेगा। यहां हवा का वेंटीलेशन नहीं है और यह परेशानी का सबब भी बन सकता है। जहां जाली लगती थी, वहां पूरी लोहे की सीट लगाई गई है। उसमें उमस और घुटन पैदा हो। सूत्रों से जानकारी मिली है कि वैसे मतगणना स्थल पर एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड की गाड़ी की तैनाती के आदेश अधिकारियों ने दे दिए हैं। उधर जिस तरीके से बीते 6 दिनों के दौरान हर 8 घंटे में अधिकारी यहां का निरीक्षण कर रहे है, उससे एक दल वालों की धड़कन में बढ़ी हुई बताई जा रही हैं। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में सिटी जोन के थ्री-स्टार और टू-स्टार को यहां की चौकी में शामिल किया जाएगा जो अपने एसीपी साहब लोगों की गुड बुक में आते हैं। वही इस बार मतगणना स्थल पर पहले की अपेक्षा अधिक डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर और बॉडी वार्म कैमरा भी नजर आएंगे। वहीं बड़ी संख्या में महिला पुलिसकर्मियों को भी ड्यूटी में शामिल किया जाएगा। इसके साथ ही बाहर से आया केंद्रीय सुरक्षा बल का फोर्स व रिजर्व पुलिस भी मौजूद रहेगा। वहीं सूत्र यह जानकारी दे रहे हैं की मतगणना स्थल पर इस बार सिपाहियों से ज्यादा संख्या टू-स्टार की देखने को मिलेगी। बताया जा रहा है कि लगभग 300 से अधिक टू-स्टार इस पूरी प्रक्रिया में गोविंदपुरम मंडी से लेकर अलग-अलग स्थानों पर नजर आएंगे। वहीं यातायात वाले विभाग के साहब को भी जिम्मेदारी सौंप दी गई है। वैसे तो मतगणना के दौरान कोई घटनाक्रम होने की संभावना कम रहती है लेकिन बीते कुछ दिनों से जो भगवा दल वालों और खाकी वालों का तकरार वाला सीन चल रहा है उसे देखकर अभी कुछ भी कहना ठीक नहीं लग रहा है। सूत्र बता रहे हैं कि कमिश्नरेट वाले दो नंबर के साहब मैनेजमेंट को लेकर वहां मुस्तैद रहेंगे ताकि स्थिति अंडर कंट्रोल रहे। देखना होगा कि कमिश्नरेट वाले साहब वहां कितनी देर मौजूद रहेंगे और कितनी सख्ती मतगणना वाले दिन देखने को मिलेगी। कुल मिलाकर कहा जा रहा है कि मतगणना का काम भी एक बड़ा टास्क है, जिसे कमिश्नरेट पुलिस कैसे करेगी, यह 4 जून

# गाजियाबाद में हिंदू रक्षा दल के अध्यक्ष की दबंगई, मारपीट का वीडियो वायरल

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद में हिंदू रक्षा दल का राष्ट्रीय अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी उर्फ पिंकी भैया एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। इस बार जीडीए की टीम के साथ मारपीट के आरोप में उन पर एफआईआर दर्ज की गई है। घटना सोसायटी के गेट पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। जिसका वीडियो भी तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस मामले में अभी तक आरोपी पिंकी चौधरी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।





### गोली मारने की दी धमकी, फुटेज आया सामने

कमलेश्वर सिंह का आरोप है कि पिंकी चौधरी ने महिलाओं को गोली मारने की भी धमकी दी और कहा कि मैं कुछ भी करवा सकता हूं। इस पूरी घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जिसमें कुछ लोग मारपीट करते नजर आ रहे हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

राजेंद्र नगर सेक्टर-3 निवासी कमलेश्वर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कमलेश्वर 27 मई को गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के कुछ अधिकारी एक मामले के सिलसिले में वेद होम्स बिल्डिंग में आए थे। उन्होंने हमें पूछताछ के लिए बुलाया था। इसी मामले में सोसायटी के कई लोग अपार्टमेंट में आ गए। हम सभी पार्किंग के पास बैठकर बात कर रहे थे। कमलेश्वर सिंह का आरोप है कि पार्किंग प्वाइंट के पास पिंकी चौधरी और अन्य लोगों ने जीडीए अधिकारियों और अपार्टमेंट निवासियों के साथ बदसलूकी शुरू कर दी। जब लोगों ने इसका विरोध किया तो उन्हें गोली मारने की धमकी भी दी गई। मामला बढ़ता देख जीडीए की टीम वहां से चली गई।

इस संबंध में पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर साहिबाबाद थाने में भूपेंद्र उर्फ पिंकी चौधरी, उसके बेटे और तीन-चार अज्ञात लोगों के खिलाफ आईपीसी की धारा 147, 323, 504 और 506 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# गाजियाबाद में अब टोकन से बनेंगे पासपोर्ट, रोजाना होंगे 200 अपॉइंटमेंट

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय में पासपोर्ट के लिए लंबी लाइनों से छुटकारा पाने के लिए एक नई टोकन प्रणाली लागू की जा रही है। यह व्यवस्था 3 जून से प्रभावी होगी। इसके तहत सोमवार से बृहस्पतिवार (शुक्रवार और अवकाश छोड़कर) सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक 150 टोकन जारी किए जाएंगे। टोकन 'पहले आओ-पहले पाओ' के आधार पर दिए जाएंगे।

टोकन सिस्टम से आवेदकों को लंबी लाइनों में खड़े होने की परेशानी से निजात मिलेगी। अब तक ऑनलाइन अपॉइंटमेंट लेने के बावजूद कई आवेदकों को कार्यालय में लंबी लाइनों में लगना पड़ता था। नई व्यवस्था के तहत वॉक-इन आवेदकों के लिए भी प्रावधान किया गया है।

### इन लोगों के लिए खास व्यवस्था

वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांग और बच्चों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। इन्हें प्रत्येक मंगलवार और बृहस्पतिवार को सुबह 10 से 11 बजे तक टोकन देने में प्राथमिकता दी जाएगी। टोकन सिस्टम से कार्यालय में अफरा-तफरी की स्थिति को कम करने में मदद मिलेगी।



### प्रतिदिन 200 अपॉइंटमेंट होंगे

गाजियाबाद क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी अनुज स्वरूप ने बताया कि ऑनलाइन अपॉइंटमेंट के माध्यम से प्रतिदिन कार्यदिवस पर 200 अपॉइंटमेंट दिए जा रहे हैं। लेकिन बिना अपॉइंटमेंट आने वालों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे कर्मचारियों पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है।

# मोदीनगर में तीन वाहन चोर गिरफ्तार, ई-रिक्शा बरामद

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** पुलिस ने तीन वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से एक चोरी की ई-रिक्शा बरामद की है। पुलिस का कहना है कि ये सवारी बनकर रिक्शा बुक कर वाहन चालक को नशीला पदार्थ पिलाकर उसका वाहन लूट लेते हैं। पुलिस तीनों वाहन चोरों से अन्य घटनाओं की भी जानकारी कर रही है। बता दें कि गत माह कस्बा रोड से शाहजहांपुर गांव के लिए ई-रिक्शा बुक की थी। उसके अगले दिन ई-रिक्शा चालक बेहोशी की अवस्था में खेत पर पड़ा मिला था, उसके भाई की ओर से ई-रिक्शा लूटे जाने की रिपोर्ट दर्ज करायी गयी थी। पुलिस ई-रिक्शा पर सवार फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश में जुटी थी। जैसे ही मुखबिर ने इन वाहन चोरों की जानकारी दी पुलिस ने कादराबाद चैक पोस्ट से तीनों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में मोदीनगर के सुदामापुरी मौहल्ले का राजा शर्मा, लंकापुरी रेलवे लाइन निवासी नीरज शर्मा व उनका साथी कृष्णापुरी निवासी आकाश खटीक है। पुलिस ने इनके पास से चोरी की ई-रिक्शा बरामद की है।

## किसान को गोली मारने वाले बदमाशों का नहीं लगा सुराग

**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव जखैड़ा के जंगल में खेत से घर लौट रहे किसान को गोली मारने वाले बदमाशों को पुलिस अभी तक तलाश नहीं कर पाई है। वहीं घायल का अस्पताल में उपचार चल रहा है। हालांकि अभी तक पीड़ित किसान पक्ष की ओर से थाने में कोई तहरीर नहीं दी गई है, जबकि घटना का सही अनावरण करने के लिए पुलिस ने घटना स्थल समेत आस-पास में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी है। गांव भैना निवासी संजीव कुमार बुधवार की शाम को गांव के ही रहने वाले मुकेश कुमार के साथ अपने खेत पर घूमने के लिए गया था। वहां पर खेतीबाड़ी का कार्य देखने के बाद दोनों बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान दो बाइकों पर सवार होकर चार अज्ञात बदमाश वहां पहुंचे। जिन्होंने पीछे से आकर संजीव पर गोली चला दी। कमर में गोली लगने से संजीव गंभीर रूप से घायल हो गया, वहीं उसके साथ मौजूद मुकेश बाल-बाल बच गया।

# गाजियाबाद में मीट फैक्ट्री की दीवारों में कैद होकर रह गए थे नाबालिग

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** डासना में मीट फैक्ट्री के अंदर जबरन काम कराए जाने के कारण नाबालिग वहां पर कैद होकर रह गए थे। वहां से मुक्त कराए जाने के बाद नाबालिग बालक खुश हैं।उनको बालगृह में रखा गया है, जहां पर देर रात तक अलग - अलग विभाग के अधिकारी बच्चों के बारे में पूरी जानकारी जुटाने में लगे रहे। जिससे कि जल्द ही उनको उनके परिवार के सुपुर्द किया जा सके।

### नाबालिगों से कराया जा रहा था काम

मीट फैक्ट्री में काम कर रहे नाबालिगों को बेहतर भविष्य का सपना दिखाकर गाजियाबाद लाया गया था, यहां पर उनको लाने में ठेकेदार भी भूमिका भी सामने आ रही है। जिसका संपर्क मीट फैक्ट्री के संचालक और नाबालिगों के स्वजन से था। खासतौर कोराना काल के बाद जब फैक्ट्री में कामगारों की संख्या कम हो गई तब यहां पर काम करने के लिए ज्यादातर नाबालिगों को लाया गया।



### बालगृह में की जाएगी नाबालिगों की काउंसलिंग

नाबालिगों को उनके स्वजन से संपर्क करने में भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। इस मामले में बृहस्पतिवार को बालगृह में नाबालिगों की काउंसिलिंग की जाएगी, उनसे फैक्ट्री के अंदर किस तरह से अमानवीय तरीके से कार्य लिया जाता था, इसकी जानकारी काउंसिलिंग के दौरान सामने आएगी।जिसके बाद उनसे जबरन काम लेने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, संचालक के अलावा जो अन्य लोग इस मामले में शामिल हैं। उनके खिलाफ भी पुलिस की ओर से कार्रवाई की जा सकती है।

# शिक्षक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** एक शिक्षक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। मृतक काफी समय से अकेले रहते थे।

नगर की ब्रह्मपुरी कॉलोनी निवासी 45 साल के शैलेन्द्र चौधरी पुत्र जितेन्द्र वीर सिंह छात्रों को ट्यूशन पढ़ाते थे। बताया जा रहा है कि देर रात उन्होंने अपने घर का दरवाजा बंद किया था। सुबह पांच बजे के आसपास जब छात्र ट्यूशन पढ़ने के लिए आए और उन्होंने दरवाजा खटखटाया तो नहीं खुला, ना ही कोई प्रतिक्रिया हुई। देर तक दरवाजा नहीं खुला तो पड़ोसियों ने इसकी सूचना डायल 112 पर दी। सूचना मिलते ही मोदीनगर थाने से मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़ा। जब पुलिस अंदर पहुंची तो यह देखकर हक्की बक्की रह गई कि शैलेन्द्र सिंह बदहवास पड़े हुए थे। जब डॉक्टर को बुलाकर दिखाया तो उन्होंने मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने उनके परिजनों को सूचना दे दी है। पुलिस का कहना है कि हार्ट अटैक से मौत होने की अंदेशा लग रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा, परिजन अनहोनी की आंशका जता रहे हैं।

# संयुक्त राष्ट्र शिखर सम्मेलन से पहले भारत की बड़ी पहल, यूएन को उद्देश्यपूर्ण बनाने पर दिया जोर

## हम साथ मिलकर कर सकते हैं अच्छा हासिल : रुचिरा कंबोज

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र शिखर सम्मेलन जल्द होने वाला है। इसकी तैयारियों के बीच संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने बहुपक्षवाद के प्रति भारत की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। उन्होंने गुरुवार को शिखर सम्मेलन के लिए उत्साह व्यक्त किया। इसके साथ ही सामूहिक वैश्विक प्रगति के लिए संयुक्त राष्ट्र को फिर से उद्देश्यपूर्ण बनाने के अवसर को अपनाने में भारत के सक्रिय रुख पर प्रकाश डाला।

कंबोज ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, 'भविष्य के आगामी संयुक्त राष्ट्र शिखर सम्मेलन के लिए उत्साहित हूं। प्रतिबद्ध बहुपक्षवाद के प्रति भारत का समर्पण तब उजागर होता है जब हम सामूहिक वैश्विक प्रगति



जब तक हम व्यापक सुधार नहीं करते और इस परिषद को व्यवस्थित नहीं करते, हमें विश्वसनीयता के निरंतर संकट का सामना करना पड़ता रहेगा।

के लिए संयुक्त राष्ट्र को फिर से तैयार करने के इस अवसर को स्वीकार करते हैं। हम साथ मिलकर अधिक से अधिक अच्छे अवसर हासिल कर सकते हैं।'

**भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता लंबे समय से... :** बता दें, बहुपक्षवाद के लिए भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता लंबे समय से इसकी विदेश नीति की आधारशिला रही है, जिसमें राष्ट्र वैश्विक चुनौतियों का सामना करने और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर सक्रिय रूप से निहित है।

**सितंबर में होगा सम्मेलन :** भविष्य का शिखर सम्मेलन इस साल सितंबर को होगा। यह सम्मेलन महत्वपूर्ण चुनौतियों पर सहयोग बढ़ाने और वैश्विक शासन में अंतराल को दूर करने का एक पीढ़ी में एक बार का अवसर है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, यह सतत विकास लक्ष्यों और संयुक्त राष्ट्र चार्टर सहित मौजूदा प्रतिबद्धताओं की पुष्टि करेगा और लोगों के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित करने के लिए बेहतर स्थिति में एक पुनर्जीवित बहुपक्षीय प्रणाली की ओर बढ़ेगा।

कंबोज ने कहा, 'शिखर सम्मेलन एक उच्च स्तरीय कार्यक्रम है, जो विश्व के नेताओं को एक साथ लाता है ताकि हम एक बेहतर वर्तमान देने और भविष्य की सुरक्षा करने के लिए एक नई अंतरराष्ट्रीय सहमति बना सकें।'

**संयुक्त राष्ट्र की मुख्य निकाय को बनाया अप्रभावी :** इससे पहले रुचिरा कंबोज ने कहा था, इनमें से कोई भी बात मायने नहीं रखती अगर हम कहते कि हम संयुक्त राष्ट्र के माध्यम से विवादों को शांतिपूर्ण ढंग से हल करने में असमर्थ हैं क्योंकि इसकी मुख्य निकाय को ही अप्रभावी बना दिया गया है।

उन्होंने कहा, जब तक हम व्यापक सुधार नहीं करते और इस परिषद को व्यवस्थित नहीं करते, हमें विश्वसनीयता के निरंतर संकट का सामना करना पड़ता रहेगा। इसलिए सुधार करने की आवश्यकता है। भारत का मानना है कि विश्वास के बिना एकजुटता नहीं हो सकती।

# भारतीय छात्रों को फर्जी दस्तावेजों पर कनाडा भेजने वाले एजेंट ने कबूला गुनाह, तीन साल का कारावास

**ओटावा।** कनाडा की अदालत में एक भारतीय आव्रजन एजेंट ने अपना गुनाह कबूल कर लिया। अब उसे तीन साल जेल की सजा काटनी होगी। दरअसल, वैंकूवर की एक अदालत ने कॉलेज के जाली दस्तावेजों पर स्टडी वीजा लगवाकर विद्यार्थियों को कनाडा भेजने वाले धोखेबाज ट्रैवल एजेंट बृजेश मिश्रा को दोषी ठहराया है।




बता दें, कनाडा बॉर्डर सिक्योरिटी एजेंसी के अधिकारियों ने बताया था कि बृजेश मिश्रा फर्जी दस्तावेजों के आधार पर कनाडा में घुसने की कोशिश कर रहा था, जिसे कनाडा की इमिग्रेशन कंपनी ने जून 2023 में ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में पकड़ लिया था। वह एक एक पर्यटक वीजा पर कनाडा में घुसने की कोशिश कर रहा था, जिसकी वैधता गिरफ्तारी के समय समाप्त हो चुकी थी। इसके बाद धोखेबाज एजेंट को कनाडाई सीमा सेवा एजेंसी (सीबीएसए) के हवाले कर दिया गया था। जांच में उसके पास से छात्रों के फर्जी वीजा मिले थे।

**बिहार का रहने वाला दोषी :** बिहार के दरभंगा के थलवाड़ा का रहने वाले बृजेश मिश्रा स्टडी वीजा का काम करता था। मिश्रा के खिलाफ अलग-अलग थानों में मुख्य रूप से जालंधर, फरीदकोट और मलेरकोटला में 10 से ज्यादा केस दर्ज किए थे। मिश्रा ने 2013 में ईजी-वे इमिग्रेशन कंसल्टेंसी नाम से अपनी फर्म बनाई थी। जालंधर में उसका केंद्रीय कार्यालय था, जहां से उसने कनाडा के एक कॉलेज की फर्जी ऑफर लैटर तैयार कर कई विद्यार्थियों को कनाडा भेज दिया था।

**कनाडा सरकार ने दिए थे जांच के आदेश :** कनाडा बॉर्डर सिक्योरिटी एजेंसी ने पाया कि करीब 700 छात्र जो 2016 और 2020 के बीच बृजेश मिश्रा की फर्म के माध्यम से आए थे, उन्होंने फर्जी ऑफर लेटर के आधार पर अपना वीजा हासिल किया था। इन सभी को तब डिपोर्ट करने का नोटिस दिया गया था। हालांकि तब कनाडा सरकार ने सारे मामले की जांच के आदेश देकर छात्र-छात्राओं को राहत दी थी।

**बृजेश ने मांगी माफी :** लाल रंग का जंपसूट पहने मिश्रा ने बुधवार को वैंकूवर अदालत कक्ष में खड़े होकर कनाडा के आव्रजन अपराधों के लिए माफी मांगी। मिश्रा को कनाडा के आव्रजन एवं शरणार्थी संरक्षण कानून से संबंधित तीन आरोपों में दोषी पाया गया, जिनमें गलत बयानी और गलत सूचना देना शामिल है।



# इस्राइली सेना का गाजा-मिस्र सीमा पर पूरा नियंत्रण

## अमेरिका को रोकनी पड़ी मानवीय सहायता

**तेल अवीव।** इस्राइली रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि संपूर्ण गाजा-मिस्र सीमा पर उनका नियंत्रण है। इसी के साथ उन्होंने बताया कि अबतक मिस्र के सिनाई में जाने वाली 20 सुरंगों का पता लगा लिया गया है। 2006 में हथियारों की तस्करी को रोकने के लिए 14 किलोमीटर की एक पट्टी बनाई गई थी, जिसे फिलाडेल्फी कॉरिडोर के नाम से जाना जाता है। 2007 में हमास ने हिंसक तरीके से फलस्तीनी प्राधिकरण से गाजा का नियंत्रण छीन लिया। सेना ने बताया कि भूमध्यसागर के एक हिस्से को छोड़कर कॉरिडोर के अधिकांश हिस्से में सैनिक भौतिक रूप से मौजूद थे।

इस्राइली सेना ने बताया कि उन्हें सीमा पार कुछ सुरंगों के बारे में पता चला। आईडीएफ को सीमा पर हमास द्वारा रखे गए कई रॉकेट लॉन्चर मिले। इस्राइल ने सात मई को फलस्तीन के राफा पर कब्जा कर लिया था। बता दें कि पिछले साल सात अक्तूबर को हमास ने इस्राइल पर हमला किया था। जवाबी कार्रवाई में इस्राइल ने भी गाजा पट्टी पर हमला कर दिया। इस्राइल और हमास के बीच इस संघर्ष में 12,000 लोगों की मौत हो गई, जबकि 252 इस्राइली और विदेशियों को हमास ने बंधक बना लिया था।

इस्राइल-हमास के संघर्ष के बीच अमेरिका ने गाजा में मानवीय सहायता की आपूर्ति रोक दी। दरअसल, खराब मौसम के कारण 320 मिलियन अमेरिकी डॉलर की लागत वाली संरचना टूट गई थी, जिसके बाद अमेरिका ने यह फैसला लिया। अश्केलोन के पास इस्राइल के तट पर फंसे सेना के जहाजों में से एक को बरामद कर लिया गया है। दूसरा जाहाज भी अश्केलोन के पास था, उसे भी अगले 24 घंटों के भीतर ढूंढ लिया जाएगा। शेष दो जहाज जो ट्राइडेंट घाट के पास समुद्र तट पर थे, अगले 48 घंटों में बरामद होने की उम्मीद है। पेंटागन की उप प्रेस सचिव सबरीना सिंह ने इसकी जानकारी दी। बता दें कि साइप्रस से भोजन, पानी, दवा, ईंधन और अन्य आपूर्ति ले जाने वाले ट्रक को जहाज से गाजा की ओर ले जाया गया। इसे गाजा शहर के पास एक स्टेजिंग क्षेत्र में उतारा गया था।

# पाक की फिर किरकिरी, चोरी की मोटरसाइकिल बेचते पकड़ा गया पुलिसकर्मी, स्टिंग ऑपरेशन में खुलासा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में कराची के एंटी-व्हीकल लिफ्टिंग सेल (एवीएलसी) में तैनात एक पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) को चोरी की मोटरसाइकिल बेचते हुए पकड़ा गया। मीडिया रिपोर्ट में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। दरअसल, एक मीडिया हाउस ने एवीएलसी कार्यालय में एक स्टिंग ऑपरेशन किया। इसमें डीएसपी निजाबत हुसैन की अवैध गतिविधियों का खुलासा हुआ।



**अवैध सौदों से संबंधित सभी बातचीत और लेनदेन रिकॉर्ड**

स्टिंग के दौरान पता चला कि डीएसपी हुसैन चोरी के बाद बरामद मोटरसाइकिलों को उनके असली मालिकों को बताए बिना चोरी-छिपे बेच रहे थे। लोग उन पर आपराधिक गतिविधियों में कथित संलिप्तता के आरोप भी लगाते रहे हैं और उनके खिलाफ शिकायतें दर्ज कराते रहे हैं। स्टिंग ऑपरेशन में टीम डीएसपी हुसैन से दो मोटरसाइकिलें खरीदने में सफल रही, जिसमें अवैध सौदों से संबंधित सभी बातचीत और लेनदेन को रिकॉर्ड किया गया।

स्टिंग ऑपरेशन से जुड़े एक शख्स ने बताया कि बजट की कमी के कारण टीम केवल चोरी की मोटरसाइकिलें ही हासिल कर सकी। हालांकि, डीएसपी हुसैन चोरी को भी बेचा करते थे। इस स्टिंग ऑपरेशन से पूरे पुलिस विभाग में हाहाकार मच गया और मामले की तत्काल जांच शुरू की गई।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) एवीएलसी आरिफ असलम राव ने डीएसपी निजाबत हुसैन को तुरंत उनके कर्तव्यों से मुक्त कर दिया और जांच शुरू कर दी। यह घटना न केवल कुछ कानून प्रवर्तन अधिकारियों की ईमानदारी पर सवाल उठाती है, बल्कि आपराधिक गतिविधियों में उनकी संभावित संलिप्तता को भी उजागर करती है।

बता दें कि मार्च की शुरूआत में एक अन्य कानून प्रवर्तन अधिकारी पुलिस उप महानिरीक्षक (डीएसपी) अहमद करीम जिलानी को गुटखा और अन्य नशीले पदार्थों की तस्करी में रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया था। रिपोर्ट के अनुसार, तत्कालीन सिंध पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) रिफ्फत मुख्तार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जिलानी को निलंबित कर दिया था और जांच के आदेश दिए थे।

# 2023 में 1153 लोगों को फांसी दुनिया में 30% बढ़ी मौत की सजा

**लंदन।** एमनेस्टी इंटरनेशनल ने बुधवार को दुनिया में मौत की सजा पर अपनी एक रिपोर्ट पेश की है। रिपोर्ट में बताया गया है कि 2022 की तुलना में 2023 में दुनियाभर में मौत के मामलों में 30 फीसदी का उछाल आया है। 2023 में दुनियाभर में 1,153 लोगों को फांसी दी गई।



ईरान में सबसे अधिक 853 को मृत्युदंड

इनमें सबसे ज्यादा 853 को ईरान में फांसी दी गई। इनमें 24 महिलाएं व 5 बच्चे शामिल हैं। वहीं, चीन में भी हजारों लोगों को फांसी के फंदे पर लटकाया गया है, लेकिन चीन की तरफ से आधिकारिक आंकड़े उपलब्ध न कराने के चलते चीन इस सूची में शामिल नहीं है। एजेंसी

**ईरान में होती है मानव जीवन की घोर उपेक्षा :** एमनेस्टी के महासचिव एग्नेस कैलामार्ड कहते हैं कि ईरानी अधिकारी मानव जीवन की घोर उपेक्षा करते हैं। वहां, हर छोटी बात पर फांसी की सजा दी जाती है। खासतौर पर सबसे गरीब बलूच समुदाय के लोगों को भेदभावपूर्ण तरीके से मृत्युदंड दिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक ईरान के बाद मौत की सजा देने वाले देशों में सऊदी अरब, सोमालिया और अमेरिका शामिल हैं।

**अमेरिका में दो साल में 42 को मृत्युदंड :** 2015 में 1,634 लोगों को मौत की सजा दी गई थी। खास बात यह है कि अमेरिका में मौत की सजा के मामले कम हो गए हैं।

# इस्राइल ने कहा- 2024 युद्ध का वर्ष हमास को नष्ट करने का लिया प्रण

**तेल अवीव।** इस्राइल हमास के बीच पिछले करीब सात माह से युद्ध जारी है। इस बीच, इस्राइल का कहना है कि यह युद्ध सात महीने और चल सकता है। इस्राइल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने चेतावनी दी कि गाजा में युद्ध साल के अंत तक जारी रह सकता है। इस्राइल के युद्ध मंत्रिमंडल ने राफा पर हमले को आगे बढ़ाने पर जोर दिया, जिससे आंतकी समूह हमास का विनाश सुनिश्चित किया जा सके।

इस्राइल के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, तजाची हनेग्बी ने कहा कि हमारे युद्ध मंत्रिमंडल ने 2024 को लड़ाई का वर्ष घोषित किया है। हनेग्बी ने कहा कि मई 2024 का पांचवां महीना हैं। इसका अर्थ है कि हमास की सैन्य और सरकारी क्षमताओं को नष्ट करने के लिए हमें सात और महीने युद्ध करना पड़ सकता है। बता दें,



इस्राइली अधिकारी का बयान ऐसे समय पर आया है, जब मध्य राफा में देखे गए टैंक बुधवार को दक्षिणी गाजा शहर की ओर बढ़ते दिखे। इस्राइल पर बढ़ते वैश्विक दबाव के बावजूद यह कार्रवाई जारी है।

अतंरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के मुख्य अभियोजक ने हाल ही में इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू सहित इस्राइल और हमास के नेताओं की गिरफ्तारी के लिए वारंट की मांग की। अभियोजक करीम खान ने कहा कि उनका मानना है कि नेतन्याहू, उनके रक्षा मंत्री योव गैलेंट और तीन हमास नेता- याहया सिनवार, मोहम्मद देइफ और इस्माइल हानियेह गाजा पट्टी और इस्राइल में युद्ध के लिए जिम्मेदार हैं।

# जेल में बंद इमरान खान को बड़ी राहत नौ मई हिंसा से जुड़े दो मामलों में बरी

**इस्लामाबाद।** जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के लिए राहत भरी खबर है। पाकिस्तान की एक अदालत ने नौ मई की हिंसा से जुड़े दो मामलों में गुरुवार को उनके खिलाफ पर्याप्त सबूत नहीं होने का हवाला देते हुए उन्हें बरी कर दिया।



शक्तिशाली सेना के साथ मतभेद करने के बाद से खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी को कार्रवाई का सामना करना पड़ रहा है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के संस्थापक खान के समर्थकों ने कथित भ्रष्टाचार के एक मामले में गिरफ्तारी के बाद पिछले साल संवेदनशील सैन्य प्रतिष्ठानों सहित सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया था। नौ मई को भड़की हिंसा के मद्देनजर पार्टी के नेताओं को गिरफ्तारियों और पलायन का सामना करना पड़ा था।

पीटीआई संस्थापक के खिलाफ शहजाद टाउन पुलिस थाने में दर्ज दो मामलों को चुनौती देने वाली याचिका को इस्लामाबाद के जिला एवं सत्र अदालत के न्यायिक मजिस्ट्रेट उमर शब्बीर ने मंजूरी दे दी। हालांकि, 71 साल के खान को लेकर अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष द्वारा पेश किए गए सबूत पर्याप्त नहीं है। इसलिए इन मामलों में उन्हें दोषी नहीं ठहराया जाता है।

खान को नौ मई की तोड़फोड़ से जुड़े दो मामलों में 15 मई को बरी कर दिया गया है। न्यायिक मजिस्ट्रेट साहिब बिलाल ने पूर्व प्रधानमंत्री को बरी करने का आदेश जारी किया। खान के खिलाफ ये दोनों मामले इस्लामाबाद के खन्ना पुलिस स्टेशन में दर्ज किए गए थे।

पीटीआई के संस्थापक के खिलाफ लॉन्ग मार्च और अनुच्छेद 144 के उल्लंघन के मामले दर्ज किए गए थे। वहीं, खान ने आरोप लगाया था कि उनकी पत्नी बुशरा बीबी को कथित तौर पर उन पर दबाव बनाने के लिए निशाना बनाया जा रहा है और जो लोग उन पर अंगुली उठा रहे हैं, वे पार्टी को 'खत्म' करने के प्रयास के तहत ऐसा कर रहे हैं।

# गाजा में विकट हालात, अस्पतालों में चिकित्सा आपूर्ति की किल्लत

## राफा में विस्थापितों के शिविर पर इस्राइली हवाई कार्रवाई की व्यापक स्तर पर हुई निंदा

**गाजा।** फलस्तीन में यूएन स्वास्थ्य एजेंसी के प्रतिनिधि डॉक्टर रिक पीपरकोर्न ने बताया कि विशाल मात्रा में जरूरी चिकित्सा आपूर्ति वितरित की गई है, लेकिन यह पर्याप्त नहीं है। उनका कहना है कि यह इतनी भीषण आपदा है कि वो पर्याप्त नहीं है। दक्षिणी गाजा स्थित राफा में विस्थापितों के लिए बनाए गए एक शिविर पर इस्राइली हवाई कार्रवाई की व्यापक स्तर पर अंतरराष्ट्रीय निंदा हुई है। रविवाह को हुई इस घटना में बड़ी संख्या में लोग मारे गए हैं।

उन्होंने यूएन न्यूज के साथ एक बातचीत में कहा कि विस्थापित लोगों पर हुआ यह हमला निंदनीय है और यह दशार्ता है कि गाजा में कोई भी स्थान सुरक्षित नहीं है। यूएन मानवतावादी कार्यालय (डउल्हअ) द्वारा एक वीडियो साझा किया गया है, जिसमें एक फील्ड अस्पताल में मरीजों का उपचार किया जा रहा है। इस वीडियो में एक घायल पिता ने उस क्षण को बयां किया है, जिसमें हमले की वजह से उनके बच्चों की जान चली गई।

मोहम्मद अल गूफ ने कहा कि जब हमला हुआ तो वो अपने बच्चों के बारे में सोच रहे



10 लाख से अधिक लोग विस्थापित

थे। मैंने उनसे सुपरमार्केट में जाने, कुछ खरीदारी करने और गले लगने का वादा किया था। मगर, दुर्भाग्यवश, मैं यहां हूं और वो एक अलग स्थान पर हैं। यूएन एजेंसी ने यह वीडियो सोमवार को रिकॉर्ड किया था। अंतरराष्ट्रीय मेडिकल कोर (क्टउ) के चिकित्सा निदेशक ने बताया कि मृतकों के अंतिम संस्कार की तैयारी की जा रही है। मैंने एक पिता के मृत शरीर को देखा, जिसने अपने बच्चों को पकड़ा हुआ है, उसकी आयु सम्भवतः तीन वर्ष की होगी। वे बुरी तरह से जले हुए हैं। हम उन्हें अलग नहीं कर सकते हैं। इसलिए, हमने दोनों को एक बॉडी बैग में रख दिया है. यह बहुत, बहुत मुश्किल है।

**उचित स्वास्थ्य देखभाल का अभाव :** फील्ड अस्पताल में करीब 75 मरीजों का उपचार किया जा रहा है, जिनमें से 25 की हालत बेहद गम्भीर है। उन्होंने चिंता जताई कि जले हुए मरीजों और चोट के उपचार के लिए पर्याप्त सुविधाओं व दवाओं की किल्लत है और गाजा में पहुंच से दूर हैं। इस्राइली सेना ने इस महीने की शुरूआत में राफा में मुख्य सीमा चौकियों को अपने नियंत्रण में ले लिया था, जहां से होकर सामग्री की आपूर्ति की जाती है।

डॉक्टर रिक पीपरकोर्न ने कहा कि आप गाजा में बस इतना ही कर सकते हैं और बहुत बुरी तरह से जले हुए मामलों में गाजा में ऐसा कोई स्थान नहीं है, जहां उनका इलाज किया जा सके। राफा चौकी के बंद होने से अब तक, हमारे पास राफा में केवल तीन ट्रक आए हैं। वे केरेम शेलॉम चौकी के जरिए हुए और वही एकमात्र आपूर्ति है। भाग्यवश, हमारे पास अब भी कुछ सामग्री है मगर यह तेजी से खत्म होती जा रही है।

यूएन स्वास्थ्य एजेंसी के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, जीवनरक्षक सहायता आपूर्ति का अभाव बेहद खतरनाक हो सकता है और इसे टालने के लिए बड़े स्तर पर मानवीय सहायता काफिलों को यहां पहुंचने की अनुमति देनी होगी।

**सहायता मार्ग में अवरोध :** बताया गया है कि गाजा में प्रवेश के लिए यूएन स्वास्थ्य एजेंसी के 60 ट्रक तैयार खड़े हैं। इसलिए राफा चौकी को जल्द से जल्द ना केवल मेडिकल सामान के लिए खोले जाने की जरूरत है, बल्कि अन्य मानवीय आवश्यकताओं को पूरा किया जाना होगा। संगठन द्वारा पहले भी चेतावनी जारी की जा चुकी है कि मौजूदा आवश्यकताओं के मद्देनजर पर्याप्त मात्रा में चिकित्सा आपूर्ति का अभाव है और गम्भीर रूप से बीमार या घायल लोगों की जिंदगियों पर जोखिम है।

डॉक्टर पीपरकोर्ट के अनुसार, 10 हजार से अधिक मरीजों को गाजा के बाहर इलाज के लिए ले जाना होगा, जिसके लिए तुरंत परिवहन व्यवस्था का प्रबन्ध करना होगा, मगर 6 मई से राफा बंद है।

# श्रीलंका में राष्ट्रपति चुनाव कराए जाने पर विवाद गहराया

## पीएम बोले- आम चुनाव टालने पर नहीं हुई थी चर्चा

**कोलंबो।** श्रीलंका के आर्थिक हालात तो सुधर रहे हैं, लेकिन यहां की राजनीति उतनी ही उलझती जा रही है। यहां इस साल होने वाले राष्ट्रपति चुनाव को लेकर कई अटकलें बनी हुई हैं। हालांकि, अब प्रधानमंत्री दिनेश गुणवर्धने ने साफ कर दिया है। उन्होंने राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे की पार्टी द्वारा राष्ट्रपति और आम चुनाव टालने के विवादास्पद प्रस्ताव को 'गैरजिम्मेदाराना' करार दिया। साथ ही कहा कि श्रीलंका सरकार ने राष्ट्रपति चुनाव टालने के लिए किसी भी समय चर्चा नहीं की थी।



गौरतलब है, यहां के चुनाव आयोग ने इस महीने की शुरूआत में एलान किया था कि राष्ट्रपति चुनाव 17 सितंबर से 16 अक्तूबर के बीच कराए जा सकते हैं। इस बीच, विक्रमसिंघे की यूनाइटेड नेशनल पार्टी (यूएनपी) के महासचिव पलीथा रेंज बंदारा ने राष्ट्रपति और आम चुनावों को दो साल के लिए स्थगित करने का प्रस्ताव पेश किया। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि यदि परिस्थितियां सही रहीं तो इस प्रस्ताव को औपचारिक रूप से संसद में पेश किया जा सकता है।

गुणवर्धने ने बुधवार को पत्रकारों से कहा कि राष्ट्रपति चुनाव इस साल कराए जाने हैं। संविधान चुनाव आयोग को चुनाव कराने का अधिकार देता है। उन्होंने आगे कहा कि संविधान के अनुसार चुनाव आयोग के पास ऐसी शक्ति है कि वह तय तारीखों के भीतर राष्ट्रपति चुनाव करा सकता है। इसे जल्दी या बाद में नहीं कराने को कहा जा सकता। संविधान में प्रावधान हैं।'

# बिजली न आने से परेशान लोगों ने बिजली घर पर लगाया ताला, किया हंगामा



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** वार्ड 29 कुटी बिजली घर पर क्षेत्र के कई कॉलोनी के लोगों ने पहुंचकर बिजली आपूर्ति व्यवस्था के प्रति आक्रोश व्यक्त करते हुए बिजली घर पर तालाबंदी कर दी।

कई दिनों से बिजली आपूर्ति से परेशान कुटी क्षेत्र के लोग बिजली घर पहुंच गए और उन्होंने अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए तालाबंदी कर हंगामा काटना शुरू कर दिया। क्षेत्रीय निवासी सोनू का आरोप था कि कई दिनों से विद्युत आपूर्ति की वजह से सभी लोग परेशान हैं। कई घंटे तक चले हंगामे के बाद एसडीओ और पुलिस ने लोगों को समझा बुझाकर व्यवस्था को सुचारू करने का आश्वासन दिया। आश्वासन के बाद लोगों द्वारा बिजलीघर की तालाबंदी खोली गई।

**आरोप था कि कई दिनों से विद्युत आपूर्ति की वजह से सभी लोग परेशान हैं। कई घंटे तक चले हंगामे के बाद एसडीओ और पुलिस ने लोगों को समझा बुझाकर व्यवस्था को सुचारू करने का आश्वासन दिया।**

गुरुवार की दोपहर को भी कोयला एन्क्लेव बिजलीघर में महिलाओं ने बिजली कटौती से परेशान होकर तालाबंदी की।

इस अवसर पर सोनू, राजकुमार चंदेला, जितेन्द्र सेन, गुड्डू पांडेय, धर्मेंद्र शर्मा, विनीत, अंजू जैन, मुनेश, पूजा, रजनी, सुमन, अंजू शर्मा, बृजेश पाठक आदि लोग मौजूद रहे।

# मोबाइल छीनकर भाग रहे दो बदमाशों में से एक को पकड़कर पुलिस को सौंपा



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** शालीमार गार्डन बी ब्लॉक स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में आस मोहम्मद किसी काम से आया था जैसे ही युवक बैंक से बाहर निकला तो दो बदमाश उसका मोबाइल छीनकर भाग निकले।

शमशाद कॉलोनी निवासी आस मोहम्मद गुरुवार को बैंक से निकला तो उसी वक्त स्कूटी पर दो बदमाश आए और मोबाइल छीनकर भागने लगे। आस मोहम्मद व भाजपा नेता पवन रेड्डी ने हिम्मत दिखाते हुए स्कूटी को पकड़ा तभी स्कूटी पैदल आ रहे एक युवक से टकरा गई। लोगों ने मिलकर एक बदमाश को पकड़ लिया। पवन रेड्डी के शोर मचाने पर दुकानदार एकत्र हो गए। पकड़े गये बदमाश का दूसरा साथी बाइक लेकर भाग गया। पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम अमन बताया है, बदमाश को पुलिस के हवाले कर दिया गया और छीना गया मोबाइल बरामद कर लिया। पुलिस बदमाश के फरार साथी की तलाश कर रही है।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि लाइन पार के एक पूर्व पार्षद कर रहे हैं इन दिनों पुलिस की सेवा? देखने वाले ने बताया कि वो पिला रहें हैं पुलिस वालो को लस्सी? क्या अटक गई है किसी मामले में कानून की कोई रस्सी? पूर्व पार्षद माने जाते हैं जमीनी मामले के एक्सपर्ट? अगर लस्सी पिला कर नही किया मामला कूल? तो पकड़ सकता है ये केस तूल?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि सिटी के कौन से थाने में भगवा के तीन चेहरे गा रहे थे सिफारिश के तराने? एक्स यूथ वाले ने लगाया अपना पूरा खोपड़ा? फार्मर वाले भगवा भारद्वाज ने लगाए पूरे जोर? पहली बार के त्यागी मेंबर भी थे सिफारिश के छोर? कहने वाले ने कहा कि इसमें नही है कोई हर्ज? फूल वालों के फुल जोर लगाने के बाद ही एफआईआर हुई दर्ज?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि ऐसा होता है वैसे तो बहुत ही रेयर? लेकिन निगम के इतने बड़े हंगामे के बाद भी क्यों खामोश रहे डिप्टी मेयर? ऑफ्टर ऑल वो भी तो हैं एक मेंबर? उनको भी आना चाहिए था इस मामले में ऑन स्क्रीन एंगर? कहने वाले ने कहा कि हमे तो हो रहा है इस बात पर डाउट? लगता है डिप्टी मेयर हैं इन दिनों सिटी से आउट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हाथ वाले मेंबर का मन लग रहा है फूल वालों में कुछ ज्यादा? जब फूल मेंबर जमानत पर रिहा होकर मेयर के यहां आए? कांग्रेस के ये पार्षद मेयर के यहां फूल वालों के साथ खड़े नजर आए? कहने वाले ने कहा कि आप उन्हे हाफ फूल वाले ही मानो? जब जीडीए बोर्ड सदस्य वाले चुनाव में आएगी वोट डालने की बेला? तब देखना आप इन हाथ वालों का फूल वालों के सपोर्ट में वोट खेला?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि पार्षद महाभारत को आप बिल्कुल मत मान लेना शांत? इस कहानी में ट्विस्ट आयेगा 4 जून के बाद? सुना है पार्षदों के एक गुट ने कर ली है सीएम से मुलाकात की तैयारी? हुई है मेंबरों की एक गोपनीय बैठक और बनी है रणनीति? कर दिया है पार्षदों ने एलान हम चुप नही बैठेंगे आखिर हमारा भी है मान सम्मान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि फिर होने वाला है पार्षद को लेकर एक नया विस्फोट? नदिया पार के एक भगवा मेंबर ने कर दिया वीडियो जारी? दी गई है जीडीए अधिकारियों को धमकी भारी? कर दिया किसी भगवा पहलवान ने ये एलान? 4 जून का है इंतजार उसके बाद पब्लिक कर देगी माउथ को ब्लैक? भगवा पहलवान पहले भी आ चुके हैं ऐसे शब्दो के साथ वीडियो में? वो जन समस्या को लेकर दिखा रहे हैं रोष या फिर उनके मन में 4 जून के बाद वाला जोश?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें एक बात इस पूरे चुनाव में समझ नहीं आई? जब बनारस से लेकर लखनऊ तक चुनाव प्रचार में दिखे गाजियाबाद के भाजपाई? तब मेयर सुनीता दयाल ने क्यों नहीं छोड़ा जिला गाजियाबाद? वो आउट डोर चुनाव प्रचार में क्यों नहीं दी दिखाई? जब मंत्री नरेंद्र कश्यप से लेकर लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग की संगठन ने चुनाव ड्यूटी लगाई? तब मेयर सुनीता दयाल का नाम क्यों रहा लिस्ट से आउट? कहने वाले ने कहा कि सुनीता दयाल है शानदार जबरदस्त वक्ता? वो चुनाव प्रचार में बांधती समां और बना देती माहौल? होना चाहिए था उनका भी बनारस और लखनऊ वाले प्रचार में कोई रोल?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इंदिरा जी वाले पुरम में वाटर को लेकर मच गया है धमाल? यहां पार्षद तो है खामोश लेकिन फूल वाली पूर्व पार्षद ने जताया है रोष? कह दिया वाटर का कनेक्शन मिलेगा सबको फ्री? अगर किसी भी निवासी से लिया गया है पानी के नाम पर कोई कोश? तो वापिस कराऊंगी ये पैसा और बताऊंगी किसका है इसमें दोष?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि बीएसपी के हाथी ने बदल लिया इस चुनाव में रूट? कहने वाले ने कहा कि जब फूल वाले यहां करेंगे सवारी तो हमारी किस बात की रह गई यारी? सुना है महावतों ने खाए है किसी और बाग के फ्रूट? 4 जून को खुलेगा ये राज की नीला हाथी चला गया था 26 अप्रैल को कौन से रूट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि क्यों कहा कहने वाले ने कि जब पार्षद एकता का लगा नारा? तो कई भगवा पार्षदों ने कर लिया था किनारा? ऑफ द रिकॉर्ड बोला मेंबर ऑफ द वार्ड? जब हम पर आई थी आफत तब कौन हो गया था हमारा? अगर उस समय तुम हमारे हक में बोले होते तो हम भी तुम्हारे लिए मोर्चा खोले होते?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# एआर एजुकेशन एकेडमी के छात्रों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वसुंधरा स्थित ए आर एजुकेशन एकेडमी के मेधावी छात्रों के सम्मान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती सविता एवं एकेडमी के चेयरमैन राज कुमार सिंह ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्जवलित करके सरस्वती वदना के साथ किया।

कार्यक्रम के मुख्य अधिकारी एवं शिक्षाविद डॉ० रूपाजंलि आचार्य ने विद्यार्थियों को शिक्षा का महत्व बताते हुए उन्हें उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए संस्थान के विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी विभिन्न कलाओं का प्रदर्शन किया। कुछ विद्यार्थियों ने नृत्य प्रस्तुत करते हुए संगीत में हिस्सा लिया और अपनी कलाओं का अलग - अलग क्षेत्र में प्रदर्शन किया। इसके पश्चात जिन विद्यार्थियों ने कला में प्रथम स्थान प्राप्त किया उनको पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कंवलजीत कौर, इंजिला, अपेक्षा, शकाली, रूपाजंलि आचार्या का विशेष सहयोग रहा।

# साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र की जूता फैक्ट्री में लगी भीषण आग



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र साइट चार स्थित जूता फैक्ट्री में देर रात आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे अग्निशमन कर्मियों ने लगभग सात घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि आग में कोई जनहानि नहीं हुई है।

सीएफओ राहुल पाल ने बताया कि फायर स्टेशन वैशाली को बीती देर रात लगभग 12 बजे साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र साइट चार की एक जूता फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही फायर स्टेशन वैशाली से तीन और फायर स्टेशन साहिबाबाद से दो गाड़ियां लेकर मौके पर पहुंचे। अग्निशमनकर्मियों ने मौके पर देखा कि फैक्ट्री के बेसमेंट में आग फैली हुई थी। साथ ही एक ही प्रवेश द्वार होने के कारण फैक्ट्री में धुआं अधिक भरा हुआ था। अग्निशमनकर्मी बीए सेट पहनकर बेसमेंट में गए, आग पूरे बेसमेंट में फैली हुई थी। आग अधिक होने के कारण फायर स्टेशन कोतवाली, मोदीनगर और नोएडा से दमकल की गाड़ियों को मौके पर बुलाया गया। अग्निशमनकर्मियों ने लगभग 7 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बृहस्पतिवार सुबह आग पर काबू पाया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया प्रारंभिक जांच में ऐसा लग रहा है कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी है। उन्होंने बताया कि गनीमत यह रही कि आग से कोई जनहानि नहीं हुई है।

# भीषण गर्मी से राहत देने को पिलाया मीठा शरबत



गाजियाबाद, करंट क्राइम। मेरठ रोड स्थित न्यू आर्य नगर में राजा कार बाजार में भीषण गर्मी से परेशान लोगों को राहत देने के लिए मीठे शरबत की छबील लगाई गई। इस अवसर पर कार बाजार के सभी लोगों का सहयोग रहा। शरबत पिलाने वालों में राजीव वर्मा, आशीष अरोड़ा, साजन, नानक, गोली, सोनू समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

# गाजियाबाद में सैंय्या जी पूरी वाले के घर पर जीएसटी का छापा, दस्तावेजों की जांच जारी

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद से बेहद चौंका देने वाली खबर सामने आई है। बताया जा रहा है कि लोगों को पूरी का स्वाद चखाने वाले सैंय्या जी के घर पर छापा पड़ गया है। छापेमारी करने वाली जीएसटी टीम का दावा है कि सैंया पूरी वाला अपनी कमाई के मुकाबले बेहद कम टैक्स देकर टैक्स की चोरी कर रहा है। बताया जा रहा है कि गुरुवार देर रात तक छापेमारी जारी रहेगी।




## जीएसटी चोरी का आरोप

राज्य कर विभाग गाजियाबाद जोन द्वितीय के एडिशनल कमिश्नर ग्रेड वन दिनेश कुमार मिश्रा ने बताया कि सैंय्या जी पूरी वाले दुकान संचालक द्वारा जीएसटी की चोरी की जा रही है। इसके बाद टीम ने जानकारी जुटाई और फिर छापेमारी की। यहां रोजाना होने वाली बिक्री के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। दस्तावेजों की जांच की जाएगी।

## छापेमारी के बाद रिपोर्ट होगी तैयार

सैंया पूरी वालेके घर पर छापेमारी की सूचना से और दुकानदारों में हड़कंप मचा हुआ है। जीएसटी टीम के कई अधिकारी सैंय्या जी पूरी वाले घर पर बने हुए हैं। बताया जा रहा है कि दुकान पर भी एक टीम दस्तावेजों की जांच कर रही है। देर रात तक छापेमारी जारी रहेगी। जांच टीम द्वारा विस्तृत रिपोर्ट देने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# प्रत्याशियों के एजेंट आवेदन के लिए अंतिम दिन आज

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोकसभा चुनाव मतगणना के लिए प्रत्याशी अपने एजेंटों की सूची शनिवार तक देनी होगी। उसके बाद इनकी जांच करके मतगणना प्रतिनिधि के रूप में पास जारी होगा। इसके लिए प्रत्याशियों को हर टेबल के लिए एक एजेंट नियुक्त करना है।

गाजियाबाद लोकसभा सीट के लिए मतगणना गोविंदपुरम अनाज मंडी में होगी। मतगणना कराने के लिए सरकारी कर्मचारियों की ड्यूटी तय कर दी गई है। उनका प्रशिक्षण भी हो चुका है। अंतिम प्रशिक्षण तीन जून को दिया जाएगा। वहीं मतगणना के लिए सभी प्रत्याशियों से एजेंटों की सूची मांगी गई थी। एक जून तक सभी प्रत्याशियों को अपने एजेंटों की सूची देना है। इसके लिए कल यानि शनिवार को दिन अंतिम है। प्रशासन को सूची मिलने के बाद इन सभी एजेंटों की जांच कराई जाएगी। उसके बाद इनको पास जारी किया जाएगा। एजेंटों को लेकर सभी पार्टी तैयारियों में जुटी हुई हैं।

# सावधान! गाजियाबाद में दिखा कुत्तों का आतंक

## 24 घंटे में 48 बच्चों समेत 253 लोगों को काटा





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद में आवारा कुत्तों के आतंक की वजह से बीते 24 घंटे में में 48 बच्चों समेत 253 लोगों को कुत्तों ने काटा है। हैरानी तो तब हुई जब 39 लोगों को पालतू कुत्तों ने काटा। जिन पर डॉग्स ने अटैक किया उनमें 42 पुरुष 23 महिला 18 बच्चे और एक बुजुर्ग भी शामिल हैं। पीड़ित एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाने के लिए अस्पताल पहुंच रहे हैं।

आवारा और पालतू कुत्तों के काटने पर अब एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाने वालों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले 24 घंटे में 48 बच्चों समेत 253 लोगों को कुत्तों ने काटा। इनमें 39 लोगों को पालतू कुत्तों ने काटा है। शहरी क्षेत्र में 135 और ग्रामीण क्षेत्र में 118 लोगों को कुत्तों ने काटा है। जिला एमएमजी अस्पताल में कुत्तों के काटने पर एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाने 84 लोग पहुंचे। सीएमएस डा. राकेश कुमार सिंह ने बताया कि इनमें 42 पुरुष, 23 महिला, 18 बच्चे और एक बुजुर्ग शामिल हैं।

इसके अलावा 72 लोगों ने एआरवी की दूसरी और पांच लोगों ने तीसरी डोज लगवाई है। उन्होंने बताया कि इमरजेंसी में 11 लोगों ने एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाई है। संजयनगर स्थित जिला संयुक्त अस्पताल में 13 लोगों को एंटी रेबीज वैक्सीन के साथ टिटनेस का टीका लगाया गया है।

अस्पताल में कुल 51 लोगों ने एंटी रेबीज वैक्सीन की पहली और 66 लोगों ने दूसरी डोज लगवाई है। जिले में कुल 281 लोगों ने एआरवी की दूसरी व तीसरी डोज लगवाई है। गली-मौहल्लों के अलावा सोसायटियों में आवारा कुत्तों की समस्या बड़ी होती जा रही है।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जेपी कश्यप पुराने समाजवादी हैं और उससे बड़ी बात ये कि वो हमेशा सोशल मीडिया पर अपने शब्दो को सियासी ताप से दूर रखते हुए सोशल इश्यू पर फोकस करते हैं। अपने शब्दों से अपनी पोस्ट से उन्होंने एक संदेश दिया कि समुंद्र की लहरें प्रतिस्पर्धा कर सकती हैं लेकिन समुंद्र किसी एक का पक्ष नही लेता। जेपी कश्यप की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।